ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



मुंबई में अभिनेता सनी देओल के बंगले ... पेज 10 पर





www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 22 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-306 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


### सीएम ने बदलते झारखंड की बात विजन-2024 कार्यक्रम में कहा

# झारखंड को जड़ से मजबूत करना लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्ष में हमारी सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार ने बिना कोई अफरा-तफरी के कोरोना संक्रमण से राज्यवासियों को बचाने का काम किया। हमारी सोच है कि हम झारखंड की जड़ को मजबूत करें। हालात जैसे भी हों राज्य में विकास के कार्य अवरुद्ध नहीं होनी चाहिए। झारखंड हर दिन विकास की नई ऊंचाइयों को छुए, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्यवासियों की भावना के अनुरूप हमारी सरकार चल रही है।



मुख्यमंत्री सोरेन सोमवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित बदलते झारखंड की बात विजन 2024 कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हजारों की संख्या में सरकारी वैकेंसी पर नियुक्ति की है। जल्द बड़ी संख्या में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य है। झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। अलग झारखंड के लिए न जाने कितने वीर पुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य को अलग हुए लगभग 22 साल हो गए हैं फिर भी यहां के मूलवासी-आदिवासियों की पहचान धुंधला सी है। आदिवासियों की संस्कृति को बचाने का पूरा प्रयास हमने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति, सरना धर्म कोड इत्यादि विधानसभा से पारित कर आगे बढ़ाने का काम किया है। कानूनी अड़चनों की वजह से ये मामले कभी राज्यपाल तो कभी केंद्र सरकार के यहां जाकर फंस जाते थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्यवासियों की मूल भावना को ताकत मिले और हम इसी अनुरूप कार्य करने पर अड़े हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में सभी वर्ग के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त हो, इस निमित्त कई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# उत्तर कोयल मुख्य नहर में आई दरार
## बिहार-झारखंड में सिंचाई कार्य प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के मोहम्मदगंज भीम बराज से निकली उत्तर कोयल मुख्य नहर के आरडी 60 और 64 के बीच लीकेज हो गया है। इस कारण नहर का पानी बंद कर दिया गया है। वहीं नहर का पानी बंद कर देने से बिहार और झारखंड की एक लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई प्रभावित हुई है। आरडी 60 हैदरनगर प्रखंड के सिमरसोत गांव के समीप है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार से ही लीकेज की वजह से नहर का पानी बंद कर दिया गया है। पानी



बंद होने से झारखंड के पलामू , बिहार के औरंगाबाद और गया जिला के किसानों की एक लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई प्रभावित हुई है और किसान परेशान हैं। बिहार के जल संसाधन विभाग औरंगाबाद के अभियंता रविवार की सुबह से मरम्मत कार्य में जुटे हैं। अभियंताओं ने फोटो लेने या कुछ बताने से इनकार किया है। नहर में जिस जगह लीकेज हुआ है वहां पर वेबकॉस कंपनी के द्वारा 2021 में जीर्णोद्धार का कार्य किया गया था। स्थानीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रिंस खान गिरोह के लक्की को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** फर्जी तरीके से विदेश भाग चुके गैंगस्टर प्रिंस खान के गिरोह के लक्की खान को एटीएस व धनबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। लक्की को पुलिस बलों की टीम ने धनबाद के बैंक मोड़ के न्यू इस्लामपुर इलाके से गिरफ्तार किया। एटीएस ने 2 जुलाई को फायरिंग के केस में गिरफ्तार किया है। एटीएस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रिंस खान के निर्देश पर लक्की रंगदारी के लिए कारोबारियों को फोन करता था। पैसे नहीं देने वाले कारोबारियों पर वह फायरिंग भी करता था। बीते दिनों धनबाद के प्रसिद्ध क्लिनिक लैब, मछली कारोबारी रसीद महाजन और अप्सरा ड्रेसेज नाम की दुकान में फायरिंग में लक्की की भूमिका रही थी। लक्की के खिलाफ बैंकमोड़, राजगंज, भूली में छह आपराधिक कांड दर्ज हैं।

### हाई कोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने लैंड स्कैम मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत अर्जी पर ईडी से जवाब मांगा है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को करेगी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने छवि रंजन की याचिका पर अदालत ने ईडी से मौखिक रूप से पूछा है कि क्या अभी इस केस में जांच जारी है। कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया है कि अगर जांच जारी है, तो इसे जल्द पूरा किया जाए। छवि रंजन ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अभिषेक सिंह और अभिषेक चौधरी ने बहस की।

### पुलिस कस्टडी में हुई मौत मामले में बेंगाबाद थाना प्रभारी लाइन हाजिर, एएसआई सस्पेंड

**गिरिडीह।** पुलिस कस्टडी में एक व्यक्ति की मौत होने के मामले में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को बेंगाबाद थाना प्रभारी शशि सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि थाना के एक एएसआई को सस्पेंड कर दिया गया है। व्यक्ति का नाम बेंगाबाद थाना इलाके के छाताबाद गांव निवासी नागो पाशी है। एसपी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मामला बेहद गंभीर है, लिहाजा पुलिस ने मामले की न्यायिक जांच के लिए गिरिडीह की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीना मिश्रा को पत्र लिखा है। फिलहाल अभी तक बेंगाबाद थाना प्रभारी के रूप में किसी की पोस्टिंग नहीं की गई है। नागो पाशी को रविवार को बेंगाबाद थाना पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। इससे पहले मृतक की मां अनपी देवी की हत्या रविवार को धारदार हथियार से कर दी गई थी। बाद में पुलिस ने संदेह के आधार पर नागो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। लेकिन सोमवार सुबह संदेहास्पद स्थिति में नागो की मौत पुलिस कस्टडी में होने की बात सामने आई।

### कोयला क्षेत्र में शुरू हुआ उग्रवादियों का तांडव, कांटा व सुरक्षाकर्मियों को पीटा

# उग्रवादियों ने कांटा घर फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित दामोदर वैली कॉरपोरेशन डीवीसी की महत्वाकांक्षी तुबेद कोलियरी में जेएलटी के उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया है। बीती रात झारखंड लाल टाइगर नामक उग्रवादी संगठन ने पर्चा छोड़ते हुए कोलियरी के सबसे कीमती एवं महत्वपूर्ण कंप्यूटराइज्ड कांटा घर को फूंक डाला। वहीं तैनात सुरक्षा कर्मियों एवं कोलियरी के कर्मचारियों को बंधक बनाकर लगभग दो घंटे तक पिटाई की।

**हथियारबंद वदीर्धारियों ने कोलियरी कर्मियों को धमकी दी :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आधा दर्जन हथियारबंद वदीर्धारियों ने जोहार झारखंड, जय झारखंड, झारखंड लाल टाइगर संगठन जिंदाबाद का नारा लगाया। साथ ही कोलियरी कर्मियों को धमकी दी।



कहा कि बिना संगठन को मैनेज किये, अगर कोलियरी चलता है तो इससे भी बुरा अंजाम भुगतने को तैयार रहना। उग्रवादियों ने कांटा घर के कर्मचारी ताज अंसारी और सोनू कुमार की जमकर पिटाई की। उग्रवादियों की पिटाई से घायल दोनों कांटा कर्मियों ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं कोलियरी में तैनात इंडिगो फोर्स के जवानों की भी जमकर पिटाई की गयी। पिटाई होते देख अन्य कर्मी, जवान भी भाग गये।

**धमकी भरा मैसेज भेजने के तीन दिन बाद दिया घटना को अंजाम :** बताया जा रहा है कि बीते गुरुवार को कोलियरी प्रबंधन के एक अधिकारी को अगले दिन से काम बंद करने और बिना मैनेज किये काम करने पर अंजाम भुगतने की धमकी भरा मैसेज भेजा गया था। कंपनी कर्मियों ने मैसेज को पुलिस प्रशासन को फॉरवर्ड करते हुए सुरक्षा की आग्रह लगायी थी। रविवार की रात उक्त घटना को अंजाम दे दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उग्रवादी लोग इतने उग्र थे कि अगर उनका विरोध किया जाता तो वे उनकी हत्या कर देते। बताया जाता है कि उग्रवादियों ने मौके पर कई राउंड फायरिंग भी की है, जिससे इलाके में दहशत भरा माहौल बन गया है।

**देर रात ही इलाके को सील कर की गयी छापेमारी :** कंपनी के अधिकारी बलराम पांडेय ने स्थानीय थाना पुलिस को रात में ही जानकारी दी। घटना की सूचना पाकर रात करीब 2:30 बजे थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर बता उपमुखिया के भाई की हत्या की

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा में शनिवार देर रात नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर के शक में कदमडीहा के उपमुखिया के भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। शव के पास नक्सली पर्चे भी मिले हैं, जिसमें उपमुखिया के भाई को पुलिस मुखबिर बताया गया है। मृतक की नाम रांदो सुरीन (60 ) उर्फ ड्राइवर है। वह गोईलकेरा के कदमडीहा गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में वह नक्सल प्रभावित कोल्हान जंगल के लोवाबेड़ा वनग्राम में पत्नी के साथ रहते थे। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अशुतोष शेखर ने भी घटना की पुष्टि की है। बताया जाता है कि रविवार रात दस से बारह की संख्या में नक्सली लोवाबेड़ा वनग्राम पहुंचे और रांदो सुरीन को उठाकर दस किमी दूर गितिलपी हाट चौक ले गये और बीच सड़क पर गला रेतकर हत्या कर दी। सोमवार सुबह सूचना मिलने पर गोईलकेरा पुलिस और सीआरपीएफ मौके पर पहुंची।

# हाई कोर्ट ने मंजूनाथ को पद से हटाने के मामले में ईसी से मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के उपायुक्त रहते मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में चुनाव आयोग को तीन सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 सितंबर निर्धारित की है। मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ईसीआई की ओर से अधिवक्ता एके सिंह एवं शिवम कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने पक्ष रखा। डीसी देवघर मंजूनाथ ने याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें पद से हटाने का आदेश राज्य के मुख्य सचिव को भेजा है, जबकि किसी भी अधिकारी की पदस्थापन एवं तबादले का अधिकार राज्य सरकार के पास है। चुनाव आयोग को सरकार के अधिकारी को इस तरह के आदेश देने का अधिकार नहीं है। दरअसल, चुनाव आयोग ने छह दिसंबर, 2021 को झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा था, जिसमें मंजूनाथ को पद से हटाने एवं उन्हें चुनावी कार्य में नहीं लगाने का आदेश किया था। मुख्य सचिव को मंजूनाथ के खिलाफ आरोप पत्र गठित करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया था। साथ ही संसद के खिलाफ छह माह में विलंब से आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज करने पर जवाब मांगा था, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को मंजूनाथ को डीसी के पद से हटाने का आदेश दिया था।





# पूर्व भाकपा माओवादी सदस्य सावन गंझु गिरफ्तार

### अभियुक्त के ऊपर लोहरदगा जिले के विभिन्न थानों में दर्ज हैं कई मामले

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देश पर चंदवा पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने समकालीन छापेमारी अभियान चलाकर लगभग 20 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त रमेश गंझू उर्फ रमेश जी उर्फ सावन गंझू उर्फ भोला गंझु पिता पांडेय गंझू ग्राम मड़मा बरवाटोली चंदवा (लातेहार) निवासी पूर्व में भाकपा माओवादी नकुल यादव व रवींद्र गंझू के दस्ते से जुड़ा हुआ था जिसपर लोहरदगा जिले के विभिन्न थानों में सैकड़ों मामले दर्ज हैं। वह वर्षों से फरार चल रहा था। चंदवा पुलिस को लोहरदग्गा जिले के विभिन्न थानों से आरोपी के खिलाफ पांच वारंट प्राप्त हुए थे। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बबलु कुमार, पुअनि नारायण यादव, सअनि रामप्रसाद राम, सैट 202 चंदवा एंव सैट 206 माल्हन के जवान शामिल थे।

# सुजीत सिन्हा गिरोह का हथियार पुलिस ने किया जब्त

### छत्तीसगढ़ से पलामू पहुंच रहा था जखीरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा गिरोह के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पलामू पुलिस ने सुजीत सिन्हा के हथियारों के जखीरे को बरामद किया है। हथियारों का जखीरा छत्तीसगढ़ से पलामू आ रहा था। इसी क्रम में पुलिस की स्पेशल टीम ने छापेमारी कर इस हथियार को बरामद किया है। बता दें कि पुलिस ने यात्री बस से आठ पिस्टल समेत कई हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने यात्री बस से एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिया गया व्यक्ति का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पलामू का ही रहने वाला है। पुलिस की स्पेशल टीम बरामद हथियारों को लेकर कई इलाकों में भी छापेमारी और सर्च अभियान चला रही है। मामले में एटीएस ने भी पलामू पुलिस से संपर्क किया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि सुजीत सिन्हा गिरोह के हथियारों का जखीरा छत्तीसगढ़ से पलामू के इलाके में आने वाला है। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस की स्पेशल टीम ने यात्री बस को रोककर सर्च अभियान चलाया। यात्री बस से ही हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है और संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। आशंका जताई जा रही है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने और गिरोह को खड़ा करने के लिए हथियारों को मंगवाया गया था। बरामद सभी हथियार सेमी ऑटोमेटिक हैं, जिनकी बाजार में लाखों रुपए में कीमत है। पुलिस हथियार सप्लाई करने वाले और हथियार से जुड़े हुए अन्य लोगों को तलाश कर रही है। उनके खिलाफ छापेमारी कर रही है। इस छापेमारी अभियान में पुलिस के सीनियर अधिकारी शामिल हैं।



### वीरेंद्र राम के तीनों सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद के खिलाफ ईडी ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल किया गया है। नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने के तहत पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है।

# 14 आईएएस अधिकारियों का हुआ तबादला, अमित बने रांची नगर आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने सोमवार को 14 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया। वेटिंग फॉर पोस्टिंग रहे सारे आईएएस अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत अरवा राजकमल को खान निदेशक बनाते हुए उद्योग निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। खान निदेशक के पद पर रहे अमित कुमार को रांची नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं उन्हें अपने काम के अतिरिक्त आरआरडीए के उपाध्यक्ष का प्रभार भी दिया गया है। गोड्डा के उप विकास आयुक्त संजय सिन्हा को कृषि निदेशक, स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव शशि प्रकाश झा को निदेशक समाज कल्याण, पदस्थपना के लिए प्रतीक्षारत संदीप कुमार को जेएसएलपीसी का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, निदेशक समाज कल्याण भुवनेश प्रताप सिंह को जैप आईटी का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग के संयुक्त सचिव रमेश घोलप को वित्त विभाग में संयुक्त सचिव, अपर सचिव एसटी- एससी एवं पिछड़ा वर्ग अजय नाथ झा को आदिवासी कल्याण आयुक्त, जेएसएलपीसी सीईओ सूरज कुमार को निबंधक सहयोग समितियां के पद पर पदस्थापित किया गया है।

पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत सुशांत गौरव को निदेशक खेलकूद, फैक अक अहमद को उत्पाद आयुक्त बनाते हुए प्रबंधन निदेशक विभरेज कॉरपोरेशन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। भोर सिंह यादव को वाणिज्य कार आयुक्त, माधवी मिश्रा को जुडको का प्रबंध निदेशक, आदित्य रंजन को निदेशक पशुपालन बनाया गया है। अधिसूचना के क्रम में प्रभार रहित हुए पदाधिकारियों को कार्मिक विभाग में योगदान का आदेश दिया गया है।





### बीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने अग्रिम जमानत के लिए लगाई गुहार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता ने सोमवार को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। बीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी पर फिलहाल गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है। दोनों ही मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित हैं। ईडी ने इसी वर्ष 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में ईडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

# रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में सावन मास के सातवें सोमवार और नाग पंचमी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। अन्य दिनों की अपेक्षा इस सोमवार को भक्तों की कुछ ज्यादा ही भीड़ रही। ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से सभी मंदिर के पास पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। जिले के कांके , कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से श्रद्धालुओं ने किया। पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जल, दूध और बेलपत्र अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना की। अहले सुबह से ही पहाड़ी मंदिर का गेट खुलने के बाद से ही नामकुम के स्वर्ण रेखा नदी से जल लेकर पैदल पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा को जल चढ़ाया। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि नाग पंचमी खास है, क्योंकि पुरुषोत्तम माह की सातवीं सोमवारी है और इस दिन नाग पंचमी भी है। उन्होंने बताया कि नागपंचमी के दिन सर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए उन्हें विशेष पूजा करनी चाहिए, जिनकी कुंडली में कालसर्प दोष है। उन्हें विधि-विधान के साथ राहु काल में इस पंचमी को कालसर्प दोष की पूजा करनी चाहिए। राहु को सर्प माना गया है, जिनकी कुंडली में राहु अशुभ है। उन्हें आज के दिन भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए और दोष को शांत करनी चाहिए। वहीं, दूसरी ओर पहाड़ी मंदिर में भीड़ को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार सुबह से ही मॉनिटरिंग करते देखे गए। उधर, बैद्यनाथ मंदिर में कांवड़ियों की काफी भीड़ उमड़ी, सावन के शुक्ल पक्ष की पहली सोमवारी को भारी संख्या में श्रद्धालु बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। सोमवारी के साथ-साथ नाग पंचमी के कारण भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आमतौर पर बाबा मंदिर का पट सुबह 4 बजे खोला जाता है। लेकिन सोमवारी को लेकर उमड़ी भीड़ को देखते हुए सुबह 3:45 बजे ही पट खोल दिए गए। सरदार पंडा ने विधिवत पूजा कर कांचा जलार्पण किया।



# बेटियां आज हर क्षेत्र में खुद को कर रही हैं बेहतर साबित : एजाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र की दो बहनों का चयन आईटिबीपी को लेकर शहर के रुद्रा होटल परिसर में सद्भावना चौकड़ी व चौहरमल कल्याण समिति के तत्वाधान में सम्मान समारोह का अयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सद्भावना मंच के अध्यक्ष सह जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा की आज हुसैनाबाद के बेटियां हर क्षेत्र में खुद को बेहतर साबित कर रही है, उन्होंने कहा की पीडीएस दुकानदार सूर्यनाथ पासवान व निवर्तमान वार्ड पार्षद उमारवती देवी की दोनों बेटियां नेहा राज, प्रिया राज ने एसएससी जीडी कांस्टेबल की परिक्षा में सफलता प्राप्त कर आईटीबीपी में शामिल हुई है। यह हुसैनाबाद के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में बिना शिक्षा के किसी भी बदलाव की कल्पना करना संभव नहीं है। इस तरह लड़कियों के प्रति समाज के सार्थक सोच बनाने में अपने बच्चों को बेटा- बेटी का भेदभाव व सुसंस्कारिक बनाकर ही हम कोई बदलाव ला सकते हैं। मौके पर अतिथियों ने दोनों बहनों को अंग वस्त्र देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, जाकिर अली उर्फ राज अली, अनूप सिंह, मिंटू सिंह, उमेश पासी, शक्ति पासवान, राजेश पासवान, लल्लू कश्यप, प्रवीन चौधरी, जमील अहमद, प्रमोद सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## शादी की नीयत से नाबालिग को भगाने का आरोप, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी को शादी करने की नीयत से भागा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में किशोरी के चाचा ने हुसैनाबाद थाना में बेनी कला के बिगहा गांव निवासी विशाल कुमार सिंह व उसकी मां के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि मेरी भतीजी घर से बाजार करने निकाली थी,देर शाम घर नहीं पहुंचने पर काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान मुझे मालूम हुआ की मेरी भतीजी को उपेंद्र सिंह के साथ देखा गया है। किसी तरह विशाल सिंह का मोबाइल नंबर उपलब्ध कर उसे सम्पर्क किया। उसने मुझे धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारी भतीजी मेरे साथ है। वह अब वापस नहीं जायेगी, मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह शादी की नीयत से कहीं लेकर भागा है, पुलिस इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मोबाइल लोकेशन के अधार पर शीघ्र ही आरोपित को गिरफ्तार करने की बात कहीं है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन समिति की हुई बैठक

# सतबरवा के मलय डैम में शुरू होगी वाटर एडवेंचरस स्पोर्ट्स एक्टिविटी

## संचालक प्रशिक्षण के लिए जायेंगे गोवा

**भीम चूल्हा पर्यटन स्थल के आसपास गेस्ट हाउस बनाने या पूर्व में बने गेस्ट हाउस को रेनोवेट कराने पर चर्चा की गई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक हुई। बैठक में पूर्व से किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ ही जिले के कतिपय इलाकों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा बताये गये स्थलों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि मलय डैम में विभिन्न तरह के वॉटर एक्टिविटीज प्रारंभ किया जाएगा । जिसमें मोटरबोटिंग भी शामिल है। इसके लिये टेंडर भी हो गया है। इस कार्य को विस्थापित लोग व स्थानीय समिति के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसके लिये संबंधितों को गोवा भेजकर ट्रेनिंगदिलाया जायेगा। इसी तरह भीम चूल्हा पर्यटन स्थल के आसपास गेस्ट हाउस बनाने या पूर्व में बने गेस्ट हाउस को रेनोवेट कराने पर चर्चा की गई । इसके अलावे विभिन्न प्रखंडों से विभिन्न जनप्रतिनिधियों की ओर से आये आवेदनों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जिले में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाए हैं। बैठक में उपायुक्त के अलावा प्रशिक्षु आईएएस,अपर समाहर्ता, विश्रामपुर व हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि,चतरा संसद के प्रतिनिधि, जिला पर्यटन सह खेल पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### 11 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की प्राथमिक दर्ज

**हरिहरगंज।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा हरिहरगंज शहर में अलग-अलग स्थानों पर छापामारी की गयी। इसमें अवैध तरीके से बिजली उपभोग करते पकड़े गये। 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा हरिहरगंज के कनीय विधुत अभियंता धनंजय प्रसाद द्वारा दर्ज कराई गयी। प्राथमिकी में बिहार बॉर्डर के समीप रहने वाले विजय सिंह, शशि भूषण सिंह, सतगांवा के अमित प्रकाश, हरिहरगंज के अंकित कुमार गुप्ता, बेलोदर के नकुल साव, अजय प्रसाद तथा भगत तेंदुआ के मंदीप साव, बुटमल साव, उमेश साव, संजय कुमार जबकि मेन बाजार निवासी नवल प्रसाद जायसवाल का नाम शामिल है। छापेमारी अभियान में प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह, मानव दिवस कर्मी मुख्य रूप से शामिल थे।

# एक किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस ने रविवार की रात संध्या गस्ती के दौरन गुप्त सूचना के अधार पर बिहार के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार तस्कर बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी स्वर्गीय राजेश्वर सिंह का पुत्र घनश्याम सिंह बताया जाता है। पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया गया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की गांजा के साथ एक तस्कर जपला की ओर जा रहा है, इसकी सूचना मिलते ही संध्या गस्ती में निकले थाना के एएसआई सैलेंद्र सिंह को दी गई। सूचना के अधार पर सैदाबाद ब्रह्म स्थान के समीप पहुंचा तो देखा कि एक युवक हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए आ रहा है। पुलिस वाहन को देखते ही वह भागने के फिराक में था। लेकिन गस्ती दल में शामिल पुलिस बल के जवानों ने उसे धर दबोचा। उसके थैला की तलाशी ली गई तो उसके अंदर एक काला प्लास्टिक थैला में गांजा बरामद किया गया। जब उससे कागजात मांगी गई तो उसके पास उससे संबंधित कुछ भी नहीं था। बरामद गांजे को जब्त कर तस्कर को थाना लाया गया। अंचलाअधिकारी नंद कुमार राम के समक्ष उस गांजा को तौला गया तो उस थैला में एक किलो गांजा निकला। इस गश्ती अभियान में कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### उपायुक्त ने कृषि, सहकारिता, पशुपालन व मत्स्य विभाग की समीक्षा की

# बटन मशरूम का उत्पादन करने की दिशा में कार्य योजना बनायें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में बैठक कर कृषि , पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, हॉर्टिकल्चर एवं जेएसपीएलएस के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कृषि पदाधिकारी से जिले की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। जिला कृषि पदाधिकारी ने उपायुक्त को संभावित सुखाड़,धान व मक्के की खेती से अवगत कराया। उपायुक्त श्री रंजन ने कृषि पदाधिकारी को जिले में कौन सा फसल का कितना उत्पादन होता है इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। इसी तरह उन्होंने डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर से उनके द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।उन्होंने हॉर्टिकल्चर ऑफिसर को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में बटन मशरूम का उत्पादन करने की दिशा में संबंधित पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करने व उसे अमली जामा तक पहुंचाने पर बल दिया।इसी क्रम में उन्होंने मत्स्य विभाग कई भी समीक्षा की।उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी से तालाबों की संख्या, मछली उत्पादन का लक्ष्य, सप्लाई सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली. उन्होंने बीज वितरण,केज हाउस, पोर्टेबल हैचरी एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जिले में बायोफ्लॉक तकनीक को बढ़ावा देने व इसकी मदद से अधिकाधिक मछली का उत्पादन करने हेतु निर्देशित किया ।मौके पर उपरोक्त विभागों के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न यंग प्रोफेशनलस उपस्थित थे।

## विधायक ने रुद्राभिषेक अनुष्ठान व महाभण्डारा का किया आयोजन

**पाटन।** विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्ब एमपी मनोज कुमार ने पाटन के सिक्कीखुर्द अमानत नदी तट स्थित शिवालय में सावन सोमवारी को रुद्राभिषेख अनुष्ठान सह महा भंडारा का आयोजन किया । रुद्राभिसेख सह महाभण्डारा में क्षेत्र के सैकड़ो लोगो सहित भाजपा के जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहुँचकर महाप्रसाद ग्रहण किये। रुद्राभिषेक अनुष्ठान विद्वान वेदज्ञ आचार्य पंडितों के द्वारा सम्पन्न कराया गया।

## अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह संपन्न

**सगालीम।** आने वाला कल पांकी विधानसभा के युवाओं का है युवा कमर कस लें और एकजुटता के साथ इस विधानसभा में राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी तय करें, उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। पांकी के होटाई पंचायत के ग्राम भवरदह में आयोजीत फुटबॉल टूनामेंट विजेता भवरदह ए टीम को सीलड प्रदान करने के बाद श्री जायसवाल ने कहा कि हार और जीत जीवन का पहलू है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में ओंकार नाथ जायसवाल का सभी युवाओं के साथ मित्रता का संबंध है और मित्र को उदास होने नही देगा। मालूम हो कि इस फुटबाल टूनामेंट में कई टीमों ने भाग लिया था। अंतिम मैच भवरदह (ए) बनाम भवरद (बी) के बीच खेला गया, जिसमें भवरदह ए टीम विजय हुई। इस फुटबॉल टूनामेंट के कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी प्रकाश सिंह, छोटू राम ,और उनके सहयोगियों ने मिलकर किया था इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के गौतम गुप्ता ,लालू यादव, आरिफ अंसारी ,वीरेंद्र प्रजापति, मुखिया पति सहदेव राम, सतीश प्रजापति, संजय राम ,वीरेंद्र राम ,नारायण यादव, बैजनाथ यादव के अलावा श्याम बिहारी उरांव, रविंद्र सिंह के साथ बड़ी संख्या में युवा और ग्रामीण शामिल थे।

## ग्रामीण कार्य विभाग से 11 नई सड़कों की मरम्मत स्वीकृत

**हुसैनाबाद।** अगस्त माह में पीएमजीएसवाई से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों की विशेष मरामति व निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुसंशा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार से 11 नई सड़कों के निर्माण के साथ 19 सड़कों की विशेष मरम्मती कार्य को स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही निविदा निकल जायेगी। इस संबंध में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार का स्वीकृति पत्र दिखाते हुए कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि 2022 में 22 ग्रामीण सड़कों का निर्माण शुरू किया गया है। कुछ का काम पूरा हो गया है, कुछ का काम प्रगति पर है। 2023 में पीएमजीएसवाई से 30 सड़कों को स्वीकृति मिलने के बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग से 30 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत सड़कें बिना भेद भाव सभी तबके को ध्यान में रख कर की गई है।

## गला दबाकर महिला की हत्या, ससुराल वाले फरार

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के कोशडीहरा खाप कटैया गांव के टिंकू साव की 24 वर्षीय पत्नी छाया देवी की गला दबाकर सोमवार को हत्या कर दी गयी। उसका शव उसके ससुराल से बरामद किया गया। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग फरार बताये जाते हैं। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। मायके पक्ष के लोगों ने छाया के पति समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि छाया देवी के साथ उसका पति अक्सर मारपीट करता था। रविवार को भी उसने मारपीट की थी। छाया ने अपने मायके पक्ष के लोगों को जानकारी दी थी। यह भी बताया था कि मामले में गांव वाले आ रहे हैं, निर्णय होगा। सोमवार की सुबह 7.30 बजे पुनः छाया की बात मोबाइल से उसके भाई से हुई थी। 8 बजे छाया मृत पाई गयी। मौत की सूचना मिलने पर छाया के मायके बिहार के औरंगाबाद जिले के रिसिअप गांव से दादा मुंशी साव एवं पिता शंकर साव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उनके सामने महिला के शव को कब्जे में लिया।

## बि.वि.नि.लि. के तहत हरिहरगंज सब स्टेशन में लगा ऊर्जा मेला

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय स्थित हरिहरगंज विद्युत सबस्टेशन में सोमवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। इसमें प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के काफी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं ने भाग लेकर कई समस्याओं को रखा और समाधान करने के लिए आवेदन दिये। ऊर्जा मेला में संबंधित उपभोक्ताओं के द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने, दो बार आए बिजली बिल में सुधार करने, लाइन कटवाने अथवा जुड़वाने, नया मीटर लगवाने आदि से संबंधित दर्जनाधिक मामले प्राप्त हुए। वहीं विभाग के अधिकारियों के द्वारा उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा चलायी जा रही कई योजनाओं की जानकारी दी गई और इसका लाभ लेने का आह्वान किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 03/2022–23
PR no. 273842 का अष्टम् आमंत्रण

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 22.08.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.08.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 01.09.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला लोहरदगा के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 02.09.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं० :– 08084784990
9. कार्य की विवरणी –

| क्र० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 4 nos. 300/115 mm Dia and 90 m deep Gravel Packed Drilled Tube Well with installation of IM-II hand pump, 1.85 m diameter PCC platform and 3.0 m long drain on Turn-Key basis in different Rural habitations in Lohardaga District during FY 2022-23. (4 nos.) | 6,29,929.00 | 12,600.00 | 1,250.00 | 01 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR305156 (Lohardaga)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**
ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/14/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | प्रखण्ड–हण्टरगंज में लोहसिंघना से करमा जानेवाली पथ में निर्लाजना नदी पर पुल निर्माण। | 11,12,01,400.00 | 22,24,100.00 | 10000.00 | 24 माह |
| 2 | 02 | प्रखण्ड–हण्टरगंज में काली मंदिर से करैलीबार जानेवाली पथ में निर्लाजन नदी पर पुल निर्माण। | 8,40,97,800.00 | 16,82,000.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 29.08.2023 से 08.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय–12.09.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
 i) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
 ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
 iii) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– **e-procurement cell,** कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13.09.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा।

PR 305086 Rural Development(23-24)D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**
**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. DWSD/UNTD/HYDT/14/2023-24 (1st Call)**
**DT:21.08.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of 200/165 mm dia 200 Mtrs Deep High Yield Drilled Tube Well with Installation of I.M -II (IS:15500 Part - 2/2004) Hand Pump 930/90) with 32 mm dia Medium Class G.I Riser Pipe by Hydraulic DTH Rig Machine with 200 mm dia MS ERW Casing Pipe on "TurnKey Ba sis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under Untied Fund) | | | | |
| | Group No. | Qty. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | UNTD/HYDT/CTR-01 | 01 No. | 2,95,074/- | 6,000/- | 750/- | 07th Days |
| | UNTD/HYDT/CTR-02 | 03 Nos. | 10,43,328/- | 21,000/- | 2500/- | 15th Days |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 23.08.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 29.08.2023 upto 5:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 31.08.2023 upto 03:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 31.08.2023 at 04:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Di vision, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e -Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 305163 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**
**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**
**Tender Reference No. DWSD/UNTD/DT/13/2023-24 (1st Call) DT:21.08.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of 125/115 mm dia 90 Mtrs Deep Drilled Tube Well with Installation of I.M-II (IS:15500 Part-2/2004) Hand Pump 930/90) with 32 mm dia Medium Class G.I Riser Pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue UPVC Casing Pipe on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under Untied Fund) | | | | |
| | Group No. | Qty. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | UNTD/DT/CTR-01 | 21 Nos. | 21,12,392/- | 42,500/- | 5,000/- | 02 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 23.08.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 29.08.2023 upto 5:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 31.08.2023 upto 03:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 31.08.2023 at 04:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 305162 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

NEWS इन ब्रीफ

## नागपंचमी पूजा से दूर होता है कालसर्प दोष व राहु-केतु का दुष्प्रभाव : पं. मनोज




**मेदिनीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में नागपंचमी पूजा को लेकर पूरे दिन विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों व नाग बाबा चबूतरों पर पहुंचकर जलाभिषेक किया। वहीं महिला श्रद्धालुओं ने पूजा के साथ दूध अर्पित किया। बिन्दू बिगहा, बिलासपुर, हैदरनगर बड़ा शिवालय, खरडीहा व बरेवा सहित कई गांवों में नाग चबूतरों पर पं. मनोज तिवारी ने सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच पूजा कराया। वहीं विवेक कुमार सिंह, चंदन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संजय सिंह श्रद्धालुओं के हित सभी संसाधन जुटाने में सहयोग किया। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर सैकड़ों वर्षों से नागपंचमी पर पूजा अर्चना की जाती है। विधि - विधान से नाग देवता व भगवान भोलेनाथ के अनुष्ठान के मौके पर कई स्थानों पर मेला भी लगाया गया। इस दिन अधिकांश लोगों ने नमक मुक्त भोजन का सेवन करने की परंपरा को कायम रखा है। लोगों ने घर के दरवाजे पर काजल से प्रतीकात्मक नाग बनाकर भी पूजा की। पं. जयप्रकाश स्वामी ने बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी पर्व हर साल मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव के साथ साथ नाग देवता की पूजा करने की विधान है। इस दिन पूजा करने से कुंडली से कालसर्प दोष सहित राहु केतू के दुष्प्रभाव कम होते हैं।

### 'पंडित रामदीन पाण्डेय व उनकी सारस्वत साधना' पुस्तक का लोकार्पण कल

## कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य करेंगे लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंडित रामदीन पाण्डेय शोध संस्थान एवं गीता प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में सदर मेदिनीनगर स्थित होटल ग्रैंड जयश्री में गोस्वामी तुलसीदास एवं पंडित रामदीन पाण्डेय की जयंती मनाई जायेगी तथा 'पंडित रामदीन पाण्डेय और उनकी सारस्वत साधना' का लोकार्पण 23 को 2.30 बजे अपराह्न किया जायेगा। समारोह के संयोजक डॉ. सत्यकेतु संजय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि समारोह का उद्घाटन झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इन्दर सिंह नामधारी करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सह प्रभारी कुलपति नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, भाग लेंगे। जबकि त्रिपाठी 'चेतन' वरीय साहित्यकार, रांची एवं डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी रांची विश्वविद्यालय, रांची समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे।अध्यक्षता प्रोफेसर सुभाष चन्द्र मिश्रा , स्वागत अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय एवं संचालन डॉ सत्यकेतु संजय करेंगे। डॉ संजय ने बताया कि समारोह में पलामू जिला एवं राज्य के ख्यातिनाम साहित्यकार भाग लेंगे। तैयारी पूरी हो चुकी है।



## एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर सोमवार को ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट पड़कर उसे फाइन के लिए सीजीएम कोर्ट के पास भेजा गया है।मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए सीजीएम कोर्ट भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे। परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर ट्रैफिक पुलिस संतोष कुमार गुप्ता, सहायक पुलिस के जवान हरेंद्र कुमार,राहुल सिंह सहित अन्य पुलिस मौजूद थे।



## सियार ने युवक को काटकर किया घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महुगांवा निवासी शिव राम के पुत्र विपुल कुमार चंद्रवंशी उम्र 20 वर्ष को कुत्ते जैसा दिखने वाला प्रजाति सियार ने घर में घुसकर काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में विपुल कुमार ने बताया कि बीती रात वह अपने घर के आंगन में सोया हुआ था इसी बीच सियार घर में घुसकर उसके पैर में काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। विपुल कुमार ने बताया कि दो दिन पहले भी सियार ने एक गाय पर हमला किया था और गाय को काट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। वही सियार द्वारा घर में घुसकर काटने की खबर को सुन कर स्थानीय ग्रामीण भयभीत है।

### रुद्राभिषेक से जगत का कल्याण होता है : संगीता

**मेदिनीनगर।** सावन मास की अंतिम सोमवारी को हैदरनगर जिला परिषद संगीता देवी व मुखिया संतोष कुमार सिंह ने सपरिवार आवासीय परिसर में रुद्राभिषेक किया। इसमें वाराणासी से आये विद्वानों ने पूरे विधि - विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक का अनुष्ठान कराय। जिप सदस्य व मुखिया ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति व सौहार्द की कामना की। इसमें मुकेश मेहता, विवेक सिंह, सोनू सिंह व मुकेश दूबे सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों शामिल थे। जिला परिषद ने कहा कि रुद्राभिषेक से जगत का कल्याण होता है।

### रजदीरिया के दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल, रेफर



**विश्रामपुर।** इटको मुख्य मार्ग पर तमदगा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिसकी पहचान राजदीरिया गांव निवासी पंकज पासवान पिता शंभू पासवान वही दूसरा भोला पासवान के रूप में हुई है। जिन्हे स्थानीय लोगो ने 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती किया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु दोनो युवकों को जिला अस्पताल मेदनी नगर रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार,दोनो युवक आपस में चचेरे भाई बताए जा रहे हैं। जिन्हे गढ़वा से बाइक द्वारा अपने घर राजदीरिया जाने के क्रम में तमदगा गांव के समीप अनियंत्रित बुलेरो धक्का मारकर फरार हो गयी। चिकित्सीय टीम में डाक्टर हनी शुक्ला,ड्रेसर गौतम कुमार,जीएनएम सतेन्द्र कुमार,सुरक्षा गार्ड संजय ठाकुर सहित कई कर्मी मौजूद थे।

### अवैध बालू खनन व भंडारण की जांच को लेकर पाण्डू पहुंचे डीएमओ

# पाण्डू के वृद्धखौरा में 25 सौ सीएफटी अवैध भंडारित बालू जब्त

### अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अवैध बालू खनन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं : डीएमओ**

**10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू उत्तखनन पर है रोक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अवैध बालू खनन एवं भंडारण की जांच करने जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार सोमवार को पाण्डू थाना पहुंचे और पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम वृद्धखौरा में छापेमारी की। इस दौरान 25 सौ सीएफटी अवैध भंडारित बालू को जप्त किया गया। इस मामले में अवैध बालू खनन,भंडारण एवं परिवहन करने को लेकर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पाण्डू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।वही भंडारित बालू को जिम्मेनामा पर सौंपा गया है। बताया जाता है कि 19 अगस्त को अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा पाण्डू थाना क्षेत्र के वृद्धखौरा ग्राम का निरीक्षण किया गया था,जहां अवैध बालू भंडारण पाया गया था। जिसकी सूचना अंचलाधिकारी द्वारा जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को दी गयी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएमओ ने पाण्डू पहुंच कर छापेमारी की और 25 सौ सीएफटी भंडारित बालू पाया गया। जिसकी जांच जेम्स पोर्टल पर की तो पाया कि भंडारित बालू स्थल पर किसी प्रकार की बालू भंडारण का लाइसेंस प्राप्त नहीं है। जिस पर अविलंब बालू को जप्त करते हुए संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पाण्डू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गई। इस बाबत जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध बालू खनन,भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्य में जो संलिप्त पाऐं जाएगें उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू के खनन पर पूरी तरह से रोक है,नियम की अवहेलना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फुटबॉल लीग टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर : एसडीओ

### दिनकर क्लब लोकिया ने चियांकी को दो गोल से किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को खेले गए पलामू जिला लीग टूनार्मेंट के पहले मैच में दिनकर फुटबॉल क्लब लोकिया ने एक के मुकाबले तीन गोल से चियांकी फुटबॉल क्लब को पराजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह, शहर के प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, पलामू जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशफाक अहमद, सचिव महेश तिवारी, विपिन सिंह सहित कई गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच को प्रारंभ किया। मौके पर सदर एसडीओ राजेश कुमार साह ने कहा कि पलामू जिला फुटबॉल लीग टूनार्मेंट खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा निखारने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस टूनार्मेंट के माध्यम से राज्य स्तरीय फुटबॉल मैचो में पलामू की प्रतिभाओं को अपने खेल का प्रदर्शन करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात होगी। मुख्य अतिथि ने पिछली बार जिले से राज्य स्तरीय मैचों में खेलने वाले खिलाड़ियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि शहर के पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह एवं समाजसेवी भाजपा नेता दुर्गा जोहरी ने भी पलामू जिला फुटबॉल एसोसिएशन सहित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर भारती ने किया। मैच रेफरी के भूमिका में जाफर उर्फ सेवा से सेवानिवृत संजय एवं अप्पू दा थे। मौके पर चिकित्सक दल के रूप में विजय गुप्ता उपस्थित थे। अन्य गणमान्य अतिथियों में मोहम्मद फरीद, सुनील ओझा, शंभू चौरसिया, कौशल बख्शी, पप्पू सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

### नियुक्ति होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया। कचहरी परिसर में की गई बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में कहा गया कि शिक्षा विभाग में 323, स्वास्थ्य विभाग में 115, बंदोबस्त कार्यालय में 97 कुल 495 पद रिक्त हैं और उसके अलावा उपायुक्त के अधीन 18 विभाग आते हैं। सभी विभागों में बड़े पैमाने पर चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों का पद रिक्त है। कर्मचारियों की कमी के कारण कामकाज करने में प्रभावित होता है। दूसरी तरफ सफल अभ्यर्थियों का उम्र सीमा समाप्त हो रहा है नियुक्ति नहीं होने से आसंतोष हैं।

### 'संविधान व संवैधानिक मूल्यों पर खतरे व हमारा दायित्व' विषय पर परिचर्चा

## इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला की 18वीं कड़ी संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा शुरू किये गये सांस्कृतिक पाठशाला की 18 वीं कड़ी में संविधान व संवैधानिक मूल्यों पर खतरे और हमारा दायित्व विषय पर परिचर्चा आयोजित की गयी। विषय प्रवेश कराते हुए इप्टा पलामू के सचिव रविशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक देबराय ने संविधान में बदलाव करने की बात कही जो असंवैधानिक है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा यह कहा जाना कि हमारा संविधान औपनिवेशिक है, जिसमें अब बदलाव की जरूरत है घोर निंदनीय है। सांस्कृतिक पाठशाला की अध्यक्षता कर रहे राजीव रंजन ने कहा कि भाजपा व आरएसएस प्रारम्भ से ही संविधान बदलने की बात करते आयी है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री का यह कथन हो सकता है। यह भाजपा सरकार के चरित्र को उजागर करता है। मौके पर युवा नेत्री दिव्या भगत ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवसायीकरण की प्रकिया में पूर्ण रूप में बदल गयीं। जो संवेधानिक मूल्यों का हनन है। शिक्षक गोविंद प्रसाद ने कहा कि संविधान को बदलने की बात करना भारत की आत्मा की हत्या है। गौतम कुमार ने कहा कि पूंजीवाद को संरक्षण देनी वाली सरकार को जल्द से जल्द बदलने की जरूरत है। अविनाश रंजन ने कहा कि पहले भी इस तरह की टिप्पणी व आलेख के द्वारा संविधान को बदलने की बात कही गयी थी। आज हम सभी के समक्ष विकट स्थिति आ गयी है।सभी को मिलकर पुरजोर तरीके से विरोध करनी चाहिए। कुलदीप राम ने कहा कि यह टीप्पणी संविधान की हत्या करने जैसा है।समरेश सिंह ने कहा कि समय के साथ संविधान में बदलाव भी होना जरूरी है। लेकिन सम्विधानक मूल्यों पर आधरित होना चाहिए। सांस्कृतिक पाठशाला में इसके अलावा शशि पांडेय, अमित कुमार, समरेश सिंह, अजित कुमार आदि उपस्थित थे। पलामू इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव रंजन ने अध्यक्षता की।

## बॉर्डर सेक्युरीटी फोर्स में नियुक्ति होने पर परिवार वालों में खुशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जिला स्थित ग्राम भंडार निवासी छठु पांडे का द्वितीय पुत्र अंकित कुमार पांडे का चयन बॉर्डर सेक्रेटरी फोर्स में हुआ है। पूरे ग्राम में खुशी का माहौल ह। वही अंकित ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया युवा को संघर्ष सदैव करते रहना चाहिए, मेहनत का फल सदैव मीठा होता है। मैंने कभी संघर्ष करने से मुंह नहीं मोड़ा है, इसलिए आज हमें यह नौकरी प्राप्त हुई है। इस नौकरी की प्राप्ति हमारे माता-पिता गुरु के आशीर्वाद का फल है।

## यज्ञ समिति की बैठक, कार्यसमिति का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण यज्ञ व दुर्गा पूजा महोत्सव के 46 वे अधिवेशन को सफल बनाने को ले एक बैठक पोलपोल बाजार के प्रांगण में आयोजित की गई। इसमें कार्य समिति का गठन किया गया ।साथ ही बीते बर्ष 2022 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सर्व समिति से पुराने कमेटी को ही इस वर्ष भी श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण यज्ञ संचालन व दुर्गा पूजा के लिए चयन किया गया। इसके तहत आनंद कुमार सिंह को अध्यक्ष ,शिव कुमार सिंह उपाध्यक्ष, शशी कुमार सिंह सचिव ,उमेश प्रसाद कोषाध्यक्ष, लीलेश्वर सिंह सह सचिव, सूर्य प्रकाश सिंह भोजन मंत्री, प्रयाग राम को सुरक्षा मंत्री ,मलिक कुमार सिंह को स्वागत अध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद व सरोज लाल को मूर्ति प्रभारी बनाया गया है।वही पूजा अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, विनोद ठाकुर, व ओमप्रकाश सिंह को बनाया गया है। संरक्षक मंडल में रामानुज तिवारी, राम चंद्र पांडेय, ,लक्ष्मण सिंह ,संतोष कुमार पांडेय, संतोष कुमार मिश्रा, ललित कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, सुरेश राम ,भरदुल सिंह, अखिलेश सिंह,राम किशोर पाण्डेय, जय नाथ सिंह,सचिन्द्र कुमार ,बलराम पाल, विवेकानंद त्रिपाठी, नंदलाल सिंह, भोला राम, केदार सिंह, मनोज चौधरी ,नानहू विश्वकर्मा, काशी प्रसाद, चक्रवती तिवारी, सुरेश राम,प्रभु राम,घनश्याम यादव, काशी प्रसाद, आदि लोगों को संरक्षक मंडल में रखा गया है।वही चन्दा प्रभारी में विवेक सिंह, दीपक सिंह, रिंकू सिंह, संजय राम ,अमित लाल को बनाया गया है ।सजावट समिति में अरविंद गुप्ता, नीतीश कुमार ,अतुल आनंद ,अमन कुमार, मनीष कुमार ,विशाल कुमार ,अमित कुमार, सुभाष लाल, सौरभ कुमार, आशीष प्रसाद,संतन लाल, छोटू लाल, सोनू प्रसाद, रंजीत लाल, बंशीधर प्रसाद को रखा गया है।

## प्रखंड में खुला नागरिक सेवा केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड परिसर में नागरिक सेवा केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के मौके पर प्रमुख शोभा देवी ने बताया कि ब्लॉक परिसर में नागरिक सेवा केंद्र खुल जाने से आम नागरिकों को सुविधा के साथ जानकारी दी जाएगी। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य धर्मेन्द्र दुबे, पंचायत समित सदस्य संतोष उपाध्याय, राजपाल पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## मानदेय को लेकर सहायक अध्यापक का आमरण अनशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के सहायक अध्यापक संजय कुमार सिन्हा के आमरण अनशन मेंसंघ के देश अध्यक्ष शामिल हुए । ज्ञात हो की सहायक अध्यापक संजय कुमार सिन्हा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत स्थानीय बीआरसी प्रांगण में सोमवार से आमरण अनशन में है। श्री सिन्हा एवं उनकी पत्नी कंचन कुमारी को विभाग के द्वारा उनका मानदेय नहीं दिए जाने को लेकर विभाग से क्षुब्ध है। उन्होंने झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी व प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे को बताया कि विभाग उनके तथा उनकी पत्नी के मानदेय संबंधी समस्याओं को लेकर मनमाना रवाया अपना रहा है। इसलिए मजबूर होकर धरना पर बैठे हैं। अनशन पर बैठे श्री सिन्हा ने बताया कि अगस्त 2022 से प्रशिक्षित का मानदेय मिलना चाहिए, जबकि जनवरी 2023 से मिल रहा है। जून 2023में 12000 मिला एवं जुलाई 2023 में वह भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सर्टिफिकेट जांच के नाम पर भारी दोहन किया गया है। उनकी पत्नी कंचन कुमारी की बहाली उत्क्रमण के आधार पर हुआ है, पूर्व में उत्क्रमण के आधार पर मानदेय मिलता था। परंतु नवंबर 2022 से प्राइमरी के आधार पर मानदेय मिल रहा है। अनशन में उनके हौसला को बढ़ाने के लिए खंड क्षेत्र के सहायक अध्यापक अविनाश सिंह चौहान, संजय रजक , मोहम्मद जफरुद्दीन अंसारी ,सुरेंद्र पासवान, मनोज ,कुमार ,महेश यादव, रंजन कुमार, सत्येंद्र सिंह,राजेश मिश्रा, विनोद मिश्रा,शशि कुमार व मनोज यादव आदि सहायक अध्यापक शामिल थे।

**समीक्षा**

### अनुकम्पा समिति की बैठक में 8 आवेदकों की नौकरी कन्फर्म

# आश्रितों को कम से कम समय में लाभ दिलाना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**उपायुक्त श्री रंजन ने आश्रितों के प्रति गंभीरता बरतने व नियुक्ति हेतु सभी प्रक्रियाओं को ससमय पूर्ण करने पर बल दिया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। बैठक में सामान्य अनुकंपा अंतर्गत कुल 19 मामलों की समीक्षा की गयी। जिनमें 08 आवेदकों को सेवा में बहाली के लिए अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन व अनुकंपा समिति के सदस्यों ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री रंजन ने आश्रितों के प्रति गंभीरता बरतने व नियुक्ति हेतु सभी प्रक्रियाओं को ससमय पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आश्रितों के नियुक्ति में कम से कम समय लगे ये सुनिश्चित किया जाना चाहिये। मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### सुबह से ही मंदिरों व शिवालयों में लोगों की भीड़ लगने लगी थी

# पंचमी पर श्रद्धालुओं ने की नाग की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

डंडई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सोमवार को नाग पंचमी पर विभिन्न मंदिरों व शिवालियों में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। वहीं लोगों ने अपने-अपने घरों में भी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना को लेकर सुबह से ही मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं का आना-जाना रहा। इसके अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने घर के पास लगे पीपल के पेड़ की जड़ के पास दूध, मीठा आदि रखकर काल सर्प दोष की शांति के लिए विशेष पूजा की। हरिहर मंदिर के पुजारी रवि पांडेय ने बताया कि नाग पंचमी का दिन काल सर्प दोष की शांति के लिए विशेष महत्व रखता है। हर साल की तरह इस बार काल सर्प दोष की शांति के लिए मंदिर में पूजा अर्चना की गई। नाग लोक के द्वादश प्रकार के काल सर्प दोष का विधिवत पूजन कराया गया और नाग पंचमी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कहा कि श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। यह भूमि नागों की है। हम सभी इस पर निवास करते हैं।





इसलिए नाग पंचमी पर प्रत्येक जीव को उनका आभार व्यक्त करना चाहिए। इधर लवाही खुर्द स्थित बाबा मंगरदह महादेव मंदीर तथा तसरार जोगिया पहाड़ी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। उक्त दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर कमेटी की ओर से विभिन्न तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। लवाही खुर्द बाबा मंगरदह महादेव मंदीर में सैकड़ों कांवरियों ने छत्तीसगढ़ के बालचौरा स्थित कनहर नदी से जल उठा कर नंगे पांव चलकर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि जो लोग सच्चे मन से आस्था के साथ लावाहीखुर्द के इस मंदिर में जलाभिषेक करते हैं उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### मेराल में नाग पंचमी श्रद्धा से मनाई गई

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नाग पंचमी धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने पूजा अर्चना के बाद भव्य जुलूस निकाला। इस मौके पर पचपेड़ी, ओखरगाढ़ा, चटनिया बिकताम,बसरिया, दलेली, रेजो हासनदाग, आदि गांव में नाग पंचमी की पूजा के साथ भव्य जुलूस भी निकाली गई। संग्रहे खुर्द नाग मंदिर से जुलूस निकाली गई जो मेराल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से गुजरते हुए पचफेडी पहाड़ी मंदिर पहुंची। उधर सावन का सोमवारी होने के कारण भी श्रद्धालुओं की भीड़ गांव के शिव मंदिर में देखी गई। लोगों ने पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

### नाग पंचमी धूमधाम से मनायी गयी

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय एवं इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही भक्तगणों ने शिवालयों एवं नाग मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर मनोवांछित मनोकामना मांगी। अरसली उत्तरी पंचायत के महुराई स्थित आस्था के प्रतीक नाग स्थान पर मेले का आयोजन किया गया, जिसका श्रद्धालुगण लुफ्त उठाते हैं। पुजारी बबलू चौबे ने बताया कि महुरांव स्थित नाग स्थान की स्थापना सन 1984 में बिहार के बौलिया के रहने वाले बाबा रामराज तिवारी ने की थी। तभी से इस स्थान पर नागपंचमी के दिन हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचकर पूजा पाठ करते हैं। इस नाग स्थान की मान्यता है की जो भी भक्त इस जगह पर मनोकामना मांगता है।

# पति की हत्या की आरोपी पत्नी गिरफ्तार, पहुंची जेल

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

थाना क्षेत्र के गेरुआ सोती गांव में, रविवार को अब्दुल सत्तार अंसारी की हत्या की आरोपी उसकी पत्नी सफीना बीवी को मेराल पुलिस ने उसके ससुराल गेरुआ सोती गांव से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा घटना में उपयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। घटना के दिन ही एक बाइक भी बरामद की गयी थी। प्रभारी थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस द्वारा चलाई जा रही सघन छापेमारी अभियान के दौरान रविवार की रात्रि सफिना बीवी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विदित हो कि रविवार को गेरुआ सोती गांव निवासी अब्दुल सत्तार अंसारी की झगड़ा झंझट उसकी पत्नी सफीना से हुई थी। आरोप है कि झगड़ा से नाराज सफीना बीबी ने अपने भाई भतीजे के साथ मिलकर चाकू से गोदकर अब्दुल सत्तार की हत्या कर दी गई। मेराल पुलिस ने उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर हत्या में शामिल आरोपी पत्नी सफीना बीवी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी थाना प्रभारी अजीत के साथ एसआई जाहिद अंसारी तथा पुलिस के जवान व महिला पुलिस बल शामिल थे।

### जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में एक गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में एक आदिम जनजाति दीपक कोरवा के साथ मारपीट व जातिसूचक शब्द के उपयोग करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी बीनोद साह पिता स्व घुटन साह ग्राम घाघरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करजेल भेज दिया। घटना 18 अगस्त की रात्रि की है। आवेदन में दीपक कोरवा ने कहा है कि 18 अगस्त की रात्रि बीनोद साह नशे में धुत होकर हमारे घर आये और लाठी से पिटाई की, जिसमें उसका जबड़ा और शरीर के कई भाग में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार की शाम आवेदन देते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार से जोड़ना काफी आवश्यक : राकेश पाल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

लायंस क्लब ऑफ गढ़वा असम की ओर से सोमवार को लाइंस ऑसम सिलाई केंद्र की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन राकेश पाल, उपेंद्र सिंह, डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र यादव, विकेश सिंह ने सामूहिक रूप से किया। उस दौरान महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण के लिए तीन सिलाई मशीन भी उपलब्ध कराया गया।

मौके पर लेंस के पदाधिकारी सह युवा समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि संस्था की ओर से यह शुरुआत काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार से जोड़ना काफी आवश्यक है। ऐसे में महिलाएं सिलाई सीख कर खुद स्वर रोजगार कर सकती हैं। लायंस क्लब आफ गढ़वा असम के अध्यक्ष कंचन साहू ने कहा कि संस्था की ओर से समय-समय पर विभिन्न तरह के सामाजिक कार्य किए जाते हैं। पिछले दिनों सुखवाना के लहसुनिया पहाड़ की समीप पौरोपण कार्यक्रम किया गया था। उसके बाद आज सिलाई केंद्र की शुरुआत की गई है, जिसमें महिलाओं की प्रशिक्षण के लिए तीन सिलाई मशीन भी उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि केंद्र संचलिका रूपा सिंह, अंजलि कुमारी एवं संजू देवी को सिलाई मशीन सौंपी गयी। तीनों मिलकर आसपास की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई मशीन का प्रशिक्षण देंगी। मौके पर लायन, पूनम चंद, लायन संतोष कश्यप, लायन देवेंद्र गुप्ता, लियो आर्यमन केशरी, संतोष कश्यप नितेश सिंह, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।



# सोमवारी पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा निकाली

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

प्रखंड क्षेत्र सहित पूरी नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सप्तमी सोमवारी के शुभ अवसर पर अलग-अलग देवालयों से जलाभिषेक हेतु कलश शोभायात्रा निकल गई। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर के प्रांगण से कलश शोभा यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने गाड़ीघाट कोयल नदी संगम तट से जलभरी कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। वहीं नाग पंचमी के शुभ अवसर पर नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक करते देखा गया।

इस मौके पर श्रद्धालुओं ने फूल, अगरबत्ती, नारियल, बेलपत्र जैसे कई पूजा सामग्रियां भगवान शिव भोलेनाथ को अर्पित किया। वहीं श्रवण के पावन महीने में नाग पंचमी के शुभ अवसर पर परंपरागत मान्यता के अनुसार लोगों ने मीठा भोजन किया। वहीं महिलाएं मनवांछित फल, अपने पति, पुत्र की लंबी आयु के लिए भगवान शिव की आराधना की। प्रखंड सहित पूर्व नगर पंचायत क्षेत्र के सभी देव स्थलों पर दिन भर पूजा अर्चना के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



### निशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर का आयोजन

**डंडई।** राज्य के पाकुड़ जिला अंतर्गत ब्याहुत कलवार सेवा समिति के प्रधान कार्यालय में इस वर्ष 17वां निशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में डाक बम के साथ-साथ कांवड़ियां बम के लिए भी बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वहीं महिला आयोग की राष्ट्रीय सदस्या ममता कुमारी द्वारा कलवार सेवा समिति को एक लाख रुपये का आर्थिक सहयोग किया गया है। मौके पर विश्वनाथ भगत अध्यक्ष ब्याहुत कलवार सेवा समिति, अशोक भगत, नारायण भगत, डॉक्टर एसपी भगत, विनय भगत, रीना भगत, नीतिका भगत, रश्मि भगत, अंकित कुमार सहित दो दर्जन से भी अधिक लोग मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विज्ञान मेला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**



टाउनशिप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में नित नए प्रयोगों को लेकर आयोजित इस प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्सनल ऑफिसर सेल बुलू दिगल, विशिष्ट अतिथि भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, पलामू विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, प्रिंसिपल टीडीएम इंटर कालेज बंशीधर नगर श्री धनंजय सिंह, प्रोफेसर श्याम बिहार सिंह, एसआई भवनाथपुर अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रोफेसर अमरेश कुमार यादव और प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर भारत के महान वैज्ञानिकों को नमन किया। यह विज्ञान मेला तीन वर्गों में जल संरक्षण एवं शुद्धीकरण, ऊर्जा संरक्षण, खाद्य श्रृंखला, संक्रामक रोगों से बचाव, वायु एवं जल प्रदूषण, मानव उत्सर्जन तंत्र तथा नवाचारी विषयों पर आधारित थी। इस कार्यक्रम में शिशु वर्ग से 16 भैया बहन,बाल वर्ग से 22 भैया बहन,किशोर वर्ग में 13 भैया बहनों ने भाग लिया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# सीएस ने किया सीएचसी का निरिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना का निरिक्षण किया। इस क्रम में केंद्र के सभी वार्ड, चिकित्सीय उपकरण, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति एवं स्थिति की जांच की गयी। इस दौरान सीएचसी के पदाधिकारी पुष्कर कुमार गुप्ता उपस्थित थे। ओपीडी में कुल आठ मरीजों का इलाज किया गया था और ओपीडी का वार्षिक क्रमांक-3929 पाया गया। वहीं आयुष चिकित्सक प्रवीण कुमार अनुपस्थित पाए गये। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया हैं।

डयूटी पीरियड में आउटसोर्सिंग पारा मेडिकल कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं चालक ड्रेस में नहीं थे, जिन्हे विशेष हिदायत दी गयी कि अगली बार से यदि बिना ड्रेस में पाए गये तो उस दिन को अनुपस्थित माना जायेगा। निरिक्षण के क्रम में वार्ड का शीशा टूटा हुआ और प्रसूति वार्ड में पर्दा नहीं पाए जाने पर पर्दा एवं शीशा जल्द लगाने का निर्देश दिया गया। कलर कोडेड बकेट में प्लास्टिक नहीं लगा था और पिछले चार माह से खराब पड़े आरओ को भी ठीक कराने का निर्देश दिया गया। शीत श्रृंखला कक्ष के तापमान का रीडिंग सुबह -शाम रजिस्टर में अंकित करने, वार्ड की बेडशीट प्रत्येक दिन बदलने की हिदायत दी गयी। इस केंद्र में आयुष्मान योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना दोनों बंद हैं। केंद्र में सांप एवं कुत्ता की वैक्सीन उपलब्ध हैं। वर्ष 2013 से संचालित इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विभागीय एंबुलेंस, एक 108 एम्बुलेंस वर्तमान में हैं। केंद्र के लिए कुल तीन चिकित्स्कों के पद निर्धारित हैं जिनमें एक फिजिशियन, एक शिशु रोग विशेषज्ञ व 1 दंत चिकित्सक शामिल हैं, पर एक भी चिकित्सा पदाधिकारी पदस्थापित नहीं है।



# बिजली बिल बाकी रखने वालों के काटे कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद विद्युत कर्मी तमजीत मंसूरी व रघुनंदन सिंह ने थाना क्षेत्र के मसरा गांव से 9 विद्युत कनेक्शन धारियों का बिजली कनेक्शन काट दिया, जबकि थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में, लाइंसमैन सिकंदर कुमार व व विद्युत कर्मी सीमंत चंद्रवंशी द्वारा भी कई बिजली कनेक्शन धारी, जिनके पास 5000 रुपये से ऊपर बिजली बिल बाकी था, उनके कनेक्शन काटे गये हैं। पूछे जाने पर विद्युत मिस्त्री सिमंत चंद्रवंशी ने बताया कि 2000 से ऊपर बिजली बिल बाकी रखने वालों का विद्युत कनेक्शन काटा गया है। जिन बिजली कनेक्शन धारियों का आज बिजली कनेक्शन काटा गया है, उनमें मसरा गांव के सुदनी देवी पति देव पान लोहार, अमरावती देवी पति रमणी कोरबा विनोद लोहार, पिता सूकन लोहार, देवनाथ यादव पिता शिवपूजन यादव, बैजू कोरबा पिता सीताराम कोरबा, रामप्रवेश साह पिता राम सुंदर साह, पेशव्रत प्रजापति पिता सरदार प्रजापति, मंनरूप चौधरी पिता लखन चौधरी, बल्लाल चौधरी पिता लखन चौधरी तथा कठौतिया गांव के लालमुनि देवी, मुकेनदर प्रसाद साव, रेखा देवी, चंपा देवी, जोगी महतो, सोनिया देवी शामिल हैं।



### 11 मुसहर परिवारों के सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट में जुड़े

**चिनिया।** उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित मुसहर परिवार के 18 वर्ष से ऊपर के सदस्यों को ऑनलाइन फार्म 6 के तहत वोटर लिस्ट में नाम प्रखंड कार्यालय से जोड़ा गया है। इनमें प्रदीप मुसहर, पिंटू मुसहर, जवाहिर मुसहर, महेंद्र मुसहर, प्रवंती मुसहरीन, सजवंती मुसहरीन, चांपा मुसहरीन, अनीता मुसहरीन, मोती मुसहर, पूजा मुसहरीन, प्रियंका मुसहरीन, क्रमिता मुसहरीन इत्यादि शामिल हैं। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, बीपीआरओ दिनेश कुमार, जेई सुकेश कुमार, नितेश कुमार, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, उपप्रमुख फारुक अहमद, उपेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

**धर्म-कर्म**

### भटके मन को एक जगह केंद्रित करके बांध लेने का नाम है योग : जीयर

# भाई से बेईमानी कर कबूतर को दाना खिलाना व्यर्थ

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि सबको आपस में प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जीना चाहिए। भरत के चरित्र को जीवन में उतारना चाहिए। भाई भरत के चरित्र की पूजा की जाए और एक भाई से बेईमानी की जाए यह उचित नहीं है। जिस प्रकार त्रेता द्वापर में एक भाई दूसरे भाई के लिए त्याग की भावना रखते थे। उसको जीवन में उतारना चाहिए। और अपने परिवार के लिए, अपने भाई के लिए, अपने समाज के लिए मन में त्याग की भावना रखनी चाहिए। एक भाई से बेईमानी कर कबूतर को दाना खिलाने से कोई फायदा नहीं हो सकता।

स्वामी महाराज ने कहा कि शुकदेवजी से राजा परीक्षित ने पूछा कि ये हमारी भावना आएंगे कैसे? सुकदेव महाराज ने कहा कि इसके लिए योग करना पड़ेगा। फिर प्रश्न किया कि योग कितने हैं और किसे कहते हैं। योग केवल इतना ही नहीं कि सांस को लेना फिर छोड़ना। यह केवल स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छा है, लेकिन इतने से हम योग के अधिकारी हो जाएंगे यह बात नहीं है। हमारा मन, चित, बुद्धि कहीं भटक गया है, कहीं अटक गया है, उसको चारों तरफ से केंद्रित करके, पकड़ करके, समझा करके और एक जगह ला करके बांध लेना इसी का नाम है योग।

स्वामी जी ने बताया कि चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता है, मोड़ा जा सकता है। इसको दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है, प्रतिस्थापित किया जा सकता है। जो चीज नहीं रुकने वाला है उसे कैसे आप रोक सकते हैं। इसलिए मन को लगाना है तो वहां लगाइए जिसने पूरे संसार को बनाया है। उन्ही में अपनी चित की चंचलता को लगा दीजिए। और जब जब मन करता है कुछ गुनगुनाने की तो मुरली वाले के नाम को गाइए। घूमने की इच्छा हो तो क्लब में मत जाइए, बल्कि विन्ध्याचल, अयोध्या, मथुरा, काशी चले जाइए। ऐसा करने से एक न एक दिन जो गलत प्रक्रियाओं में लग गया है वह अगत्या मुड़ जाएगा और मुड़कर हमेशा-हमेशा के लिए उससे अलग हो जाएगा। जीयर स्वामी ने कहा कि हर व्यक्ति को मर्यादा के अंतर्गत अपने जीवन को जीना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मयार्दा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। विषम परिस्थिति में भी मयार्दा का पालन करते रहना चाहिए। क्योंकि मर्यादा ही पुरुष की शोभा है, मनुष्य की शोभा है, संसार की शोभा है, राष्ट्र की शोभा है, कुल की शोभा है, इस जगत की शोभा है। बिना मर्यादा का मनुष्य जानवर से भी गया गुजरा है। जिस प्रकार जल विहीन नदी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता। उसी प्रकार मर्यादा के बिना मनुष्य का भी कोई अस्तित्व नहीं है। जो विषम परिस्थितियों में भी मर्यादा का पालन करते हैं। धर्म का पालन करते हैं। माता-पिता की कद्र करते हैं। स्त्री का सम्मान करते हैं। बुजुर्गों का सम्मान करते हैं। उन पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। और उनका परिवार विकास करता है।



### माउंट हीरा कमेटी ने इलाज के लिए की आर्थिक मदद

**श्री बंशीधर नगर।** माउंट हीरा कमेटी के पदाधिकारियों ने बिशुनपुर ग्राम निवासी रिजवाना बीवी को इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया। कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम आलम ने कहा कि रिजवाना बीबी काफी दिनों से बीमार थीं। पैसे के अभाव में वे अपना इलाज नहीं करा पा रही थीं। उन्होंने कहा कि जब हम लोगों को इसकी जानकारी हुई तो हमारी कमेटी के द्वारा इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगों को इस कमेटी के द्वारा हमेशा मदद की की जायेगी। मौके पर उपाध्यक्ष तुफैल खान उर्फ गब्बर, सलातीन खान, अमन आलम, एहसान खान, छोटू खलीफा, नेयामत खान, दिलनवाज खान, राज आलम, गोलू आलम, लड्डुन खान, गोल्डन खान आदि उपस्थित थे।

# झामुमो नेता ताहीर ने किया फोटो स्टेट का उद्घाटन

**नवीन मेल। श्री बंशीधर नगर**



ब्लॉक मोड़ के निकट अहमद अंसारी के आवास में सोमवार को रितु फोटो स्टेट का उद्घाटन झामुमो नेता ताहीर अंसारी, अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, मुखिया संघ के अध्यक्ष फिरदौस अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर झामुमो नेता ताहीर अंसारी ने कहा कि रितु फोटो स्टेट खुल जाने से यहां के लोगों सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नक्शा प्रिंट निकालने के लिये लोगों को गढ़वा जाना पड़ता था लेकिन अब इस दुकान के खुल जाने से यहां के लोगों को बड़ा शहर नहीं जाना पड़ेगा। प्रोपराइटर आशुतोष कुमार ने कहा कि हमारे यहां आधार से पैसा निकासी, एटीएम से पैसा निकासी, आधार प्रिंट, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, ई स्टाम्प प्रिंट, जमीन का रसीद, पैन कार्ड, ट्रेन टिकट, प्लाइट टिकट, बिजली बिल, ऑनलाइन फॉर्म, बाइक इंश्योरेंस सहित अन्य कार्य किये जायेंगे। मौके पर अमरनाथ पांडेय, झामुमो अनुमंडल सचिव श्रवण सिंह, फिरदौस अंसारी, आमिर अंसारी, चंगेज अंसारी, राजन पाल, जफरुद्दीन अंसारी, डॉ. एफ आलम, हनीफ अंसारी आदि उपस्थित थे।

### कॉरिडोर, फ्लोर, रेलिंग, दीवार, बगीचा सभी खस्ताहाल, सरकार व जिला प्रशासन की ओर से कुछ भी ध्यान नहीं दिया जाता

# 1919 में बनी शैले हाउस की स्थिति काफी दयनीय, संरक्षण की दरकार

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**
नेतरहाट में 1919 ईस्वी को सर एडवर्ड गेट लेफ्टिनेंट गवर्नर उड़ीसा-बिहार के कार्यकाल में शैले हाउस का निर्माण फार्म हाउस के रूप में कराया गया था, जिसे आज धरोहर के रूप में देखा जाता है। उस वक्त आवास में सारी सुविधाएं मौजूद थीं। गुप्त रास्ता, टेनिस स्काउट ग्राउंड, माली, फ्रूट बागान, दर्जी रूम, टी पार्टी गार्डन और बहुत सारे पेड़ भी लगाए गए थे। जानकारी के अनुसार 1920 का अभी भी एक पेड़ उक्त हाउस के प्रांगण में मौजूद है। जब इसका निर्माण कराया जा रहा था उस वक्त चारों ओर से खंभे की जगह लकड़ी लगाई गई थी और बीच में 5 इंच की दीवार का निर्माण कराया गया था। और छत रेलिंग अन्य चीजों को भी पूरी तरह लकड़ी से ही बनाया गया था। इन सब बातों की जानकारी प्राप्त होने के बाद पर्यटक शैले हाउस देखने भी पहुंचते हैं। लेकिन जब लोग वहां पहुंचते हैं तो जो खूबियां शैले हाउस की बताई जाती है उसका बिल्कुल उलट वहां पर नजर आता है। वहां पर रखरखाव के नाम पर सरकार व जिला प्रशासन की ओर से कुछ भी ध्यान नहीं दिया जाता है। जानकारी के





अनुसार 20 वर्षों के अंदर तीन बार इसकी मरम्मत कराई गई है। एक बार जब केके सोन लातेहार उपायुक्त के पद पर थे। दूसरी बार आराधना पटनायक जब लातेहार उपायुक्त के पद पर थीं। और तीसरी बार भी के के सोन के ही द्वारा जब वह भवन निर्माण के सेक्रेटरी थे तब कराया गया था। इसके बाद से अब तक किसी के द्वारा भी किसी प्रकार से मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है।

**मरम्मत नहीं होने के कारण दयनीय स्थिति में है शैली हाउस** : शैले हाउस की मरम्मती नहीं होने के कारण शैली हाउस की स्थिति काफी दयनीय है। दीवार में सीलन आ गई है और दीवार धीरे-धीरे टूटना प्रारंभ हो गया है। जो लकड़ी का फ्लोर बनाया गया है उसकी भी स्थिति बद से बदतर हो गई है। ऊंचा नीचा दिखाई देता है। जब लोग वहां जाते हैं तो वह हिलता है। ऐसा महसूस होता है कि अगर और भी ज्यादा लोग वहां पर खड़े रहे तो कभी भी टूट जाए। रेलिंग की स्थिति भी काफी दयनीय है। वहां की कर्मियों के द्वारा बांस लगाकर उसे संभाला गया है। और देखने वाली बात यह है कि आगे से पीछे तक अगर आप नजर को दौड़ाएंगे तो देखेंगे कि आगे के खंभा और पीछे के खंभे में लगभग डेढ़ से दो फीट का अंतर भी आ चुका हैं। और जो सामने कॉरिडोर बना है उसकी भी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। गार्डन का हाल भी काफी अच्छा नहीं है। अगर सरकार व जिला प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देती है तो इसी तरह से धीरे-धीरे करके शैली हाउस जो धरोहर के रूप में जाना जाता है वह खत्म हो जाएगा। सरकार व जिला प्रशासन इस और ध्यान दें और मरम्मती काराए ताकि देश-विदेश व अन्य जगह से आने वाले सैलानी इसे देखकर खुश हो और हमारी धरोहर का गुणगान करें।

### बहला फुसला कर मजदूरी कराने बाहर ले जाये जा रहे थे

# आरपीएफ ने लातेहार स्टेशन से एक दर्जन बच्चों को मुक्त कराया

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
आरपीएफ पोस्ट बरवाडीह ने गुप्त सूचना के आधार पर बहला फुसला कर मजदूरी कराने ले जा रहे एक दर्जन नाबालिगों को रेस्क्यू कर मुक्त कराया। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की अज्ञात लोगों द्वारा छोट-छोटे लड़के-लड़कियों को मजदूरी कराने के लिये लातेहार स्टेशन से कहीं अन्यत्र बाहर ले जाया जा रहा है।

इसके बाद निरीक्षक प्रभारी के साथ उप निरीक्षक सचिन कुमार, रेसुब पोस्ट बरवाडीह लातेहार स्टेशन पहुंचे तथा लातेहार स्टेशन पर कैम्पिंग ड्यूटी में तैनात स.उ.नि निरंजन मिश्रा, प्रधान आरक्षी अनिरुद्ध कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, नंदन ठाकुर सभी रेसुब लातेहार स्टेशन पर खोजबीन करने लगे। इस दौरान




प्लेटफार्म सं. 2 के पूर्वी छोर के शेड के पास कुछ लड़कियां एवं व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखाई दिए। संदेह होने पर उनलोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि सभी लोगों को राजेश उरांव बालूमाथ निवासी मालामाल कंपनी नागपुर काम कराने ले जा रहा था। आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया किरेस्क्यू किए गए बच्चों को काम कराने के लिए ले जाने के बाबत कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया और न ही कोई वैध कागजात दिखाया गया। बच्चों ने बताया कि हमलोगों को नागपूर में मजदूरी कराने के लिए राजेश उरांव द्वारा ले जाया जा रहा है। अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए उपरोक्त सभी व्यक्तियों को एक प्राथमिकी के साथ सीडब्ल्यूसी को सुपुर्द किया गया ह। वहीं मुक्त कराए गए मजदूरों को लातेहार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गारू में जंगली भालू ने ग्रामीण को किया घायल



**गारू।** राजेंद्र मुंडा सोमवार की सुबह अपनी भैंस खोजने जंगल गया हुआ था। इसी दौरान पलामू टाइगर वन क्षेत्र के बारेसाढ़ के रामसेली जंगल में जंगली भालू ने राजेंद्र मुंडा पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही बारेसाढ़ के वनपाल प्रेमजीत तिवारी घटनास्थल पहुंचकर घायल को महुआडांड़ अस्पताल ले गए, जहां से उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। इस दौरान गारू पश्चिमी वन क्षेत्र के रेंजर तरुण कुमार सिंह ने घायल के परिवार को बेहतर इलाज के लिए अग्रिम राशि के रूप में 12000 हजार रुपये। सिंह ने बताया कि सरकारी प्रवधान के तहत घायल परिवार को और मुआवजा दिया जाएगा।

# भुईंया समाज ने निकाली आक्रोश रैली विनीता के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
मृतक विनीता देवी के हत्यारे को जल्द गिरफ्तार करने को लेकर गिद्धौर प्रखंड के अखिल भारतीय भुईयां समाज के लोगों ने आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली में भुईंया समाज के हजारों लोग हाथ में तख्ती लिए हत्यारो को गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग कर रहे थे। आक्रोश रैली की शुरुआत जपुवा मैदान से की गयी जो स्थानीय थाना पहुंची और थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव को मांग से संबंधित ज्ञापन देकर समाप्त की गयी।

इस दौरान समाज के लोगों ने मृतक के बच्चों को अच्छी शिक्षा व भरण पोषण करने की व्यवस्था देने की मांग कह रहे थे। मालूम हो कि थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव निवासी रोहन भुईयां की पत्नी विनीता देवी का शव गांगपुर के बन खेता जंगल में 15 अगस्त की देर शाम एक गढ्ढे से बरामद की गई थी। इस बाबत मृतका के भैसूर चंदर भुईयां ने गांव के कुंजिल यादव के पुत्र उपेंद्र यादव पर हत्या कर साक्ष्य छुपाने का आरोप लगाया था। साथ ही आवेदन में कहा गया है कि उपेंद्र यादव व विनीता देवी के बीच करीब 10 वर्षों से प्रेम प्रसंग चलते आ रहा है। कई बार समझोता भी हुआ। इधर थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच त्वरित गति से की जा रही है। जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।



## अकाल क्षेत्र घोषित करने को लेकर भाकपा के शिष्टमंडल ने सौंपा बीडीओ को ज्ञापन

**सिमरिया (चतरा)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का शिष्टमंडल शनिवार को सिमरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह से मिलकर प्रखंड को अकाल क्षेत्र घोषित करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस महीने के 31 तारिख तक मांग से संबंधित सूचना देने कि बात कही गई है। आगे बताया गया है कि सूचना उपलब्ध नहीं होने पर पार्टी आंदोलन करने पर विवश होगी। प्रतिनिधिमंडल में सिमरिया अंचल मंत्री गयानाथ पाण्डेय, संयुक्त वाम मोर्चा जिला संयोजक अर्जुन कुमार, जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर विश्वकर्मा, सुरेश भारती आदि शामिल थे।

# उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में ऑनलाइन माध्यम से उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक हुई। इसमें समुदाय के विकास के लिए क्रियान्वित योजना-स्कीमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश उत्तराधिकारी के आधार पर भूमि नामांतरण करना तथा निःशुल्क रसीद उपलब्ध कराना व बंटवारा दाखिल खारिज यदि अपेक्षित हो तो उसे यथाशीघ्र पुरा कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना का लाभ, परिवार को चार-चार गाय निःशुल्क प्रदान करने एवं शेड का निर्माण कर लाभान्वित करने, इनके बच्चों को शक्ति विश्वविद्यालय में नामांकने, खाद्य-बीज उपलब्ध कराने, रोजगार से जोड़ने, परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने, उपायोग हेतु एक सामुदायिक भवन का निर्माण, जमीन से संबंधित समस्या का समाधान एवं योजनाओं का प्रस्ताव समेत अन्य निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए थे। जिसपर उपायुक्त ने सभी बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ रंथु महतो द्वारा जानकारी दी गई कि टाना भगत सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो चुका है। वहीं टाना भगत द्वारा सामुदायिक भवन तक संपर्क पथ की मांग की जा रही है। इसे लेकर उपायुक्त द्वारा बीडीओ को निर्देशित किया गया कि स्थल का निरीक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। कृषि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनओं से अच्छादित करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी चतरा व बीडीओ को टाना भगत के गांव में निरीक्षण करने व योग्य परिवार को शत प्रतिशत खाद्य-बीज उपलब्ध करायेंगे। साथ ही इनके बच्चों को रोजगार से जोड़ने हेतु कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। सीओ विजय कुमार के द्वाराबताया गया की इनके बच्चों के शिक्षा हेतु रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में इस वर्ष 13 फार्म प्राप्त किए गए थे, जिसमें 4 का चयन किया गया है।

# कलश यात्रा के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के मंगरा में स्थापित शिव मंदिर के 12वें स्थापना दिवस को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मंगरा मंदिर में विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी भक्तों के बीच कलश वितरण किया। इसके बाद धार्मिक गीतों के व गाजे-बाजे के साथ काफी संख्या में शामिल भक्त कोयल नदी पहुंचे, जहां मंत्रोच्चारण के बीच विधायक ने सभी महिला पुरुष भक्तों के बीच कलश में जल वितरण किया। यहां से कलश यात्रा विधायक के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया, जिसमें जिप सदस्य संतोषी शेखर, पंचायत के मुखिया समेत काफी संख्या में भक्त व ग्रामीण शामिल हुये।

मंगरा मंदिर परिसर में पहुंच कर कलश स्थापित की गयी। सभी भक्तों को विधायक ने अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। मंगलवार को बेदी पूजन, भक्ति संस्कृति कार्यक्रम होंगे। बुधवार को हवन पूजन, पूणार्हुति व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, शिक्षक सह मुख्य जजमान शुकन सिंह, अजय चंद्रवंशी, अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, विजय बहादुर सिंह, कुलेश्वर सिंह, जिबोध सिंह, चंद्रशेखर सिंह, बसंत ठाकुर, विवेक सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे।



## कोठाटांड शिव मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का हुआ समापन

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के जबरा ग्राम स्थित कोठाटांड शिव मंदिर परिसर में पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत के नेतृत्व में रविवार दोपहर एक बजे से चल रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन सोमवार को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इसमें जबरा, बारिखाप, बारियातु सहित कई टोला के मंडली ने भाग लिया। अंखड कीर्तन को सफल बनाने मे राकेश रंजन प्रजापति, सिंटू, रघुनाथ यादव, गणेश गंझु, मनोज ठाकुर, दीलीप साव, बहादुर गंझु, सोनु प्रजापति, रोहीत, बजरंग, सुभम आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## संक्षिप्त

### पिकअप वाहन की चोरी, दिया थाने मे आवेदन

**हंटरगंज।** थाना अंतर्गत पांडेयपुरा के किराना स्टोर कारोबारी शिवलू प्रसाद के पिकअप वाहन रविवार की रात अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि रोज की तरह वाहन को अपने घर के सामने खड़ा कर दिया था, पर जब सुबह में दुकान के लिए निकले तो देखा वहा नहीं है। उन्होंने थाना प्रभारी हंटरगंज से संपर्क साधने का प्रयास किया पर संपर्क नहीं हो सका। इस बीच अपनी दुकान के बाहर की तरफ लगे कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू किया जिसमें पाया कि लगभग दो बजे रात में वाहन को ले जाया गया है। इसके बाद थाने में वाहन चोरी के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया।

### पेड़ से टकराया वाहन, बाल-बाल बचा चालक

**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर फुटबॉल मैदान के समीप सोमवार के सुबह अनियंत्रित हो कोलवाहन विपरीत दिशा में जा पेंड़ से टकरा गया हालांकि चालाक बाल बाल बच गया। बताया गया की कोलवाहन आम्रपाली से कोयला ले कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी बीच चालक की आंख लग गई और कोलवाहन पेंड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। मालूम हो कि कोलवाहन की बरपाते कहर से गांव वाले भयभीत हैं। इस तरह की घटना गिद्धौर के आस पास आये दिन लगातार घट रही है।

### बीडीओ ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

**इटखोरी।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धुना पंचायत के सोनिया मध्य विद्यालय मतदान केंद्र 236 और 237 का प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा ने निरीक्षण किया। मतदान केंद्र की जर्जर स्थिति को देखते हुए धुना मुखिया सोनी कुमारी की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि सोनिया मध्य विद्यालय का मतदान केंद्र जर्जर स्थिति में है। ऐसे में बच्चों को पठन पाठन के साथ मतदान करने में ग्रामीणों को बड़े हादसा का डर सताते रहता है। ग्रामीणों ने बीडीओ से विद्यालय परिसर के रिपेयरिंग की मांग की। बीडीओ ने कहा कि अपनी ओर से कोशिश करेंगे कि जर्जर मतदान केंद्र का तुरंत जीर्णोद्धार किया जाय। बैठक में पंचायत सेवक बिनोद सिंह, प्रमोद कुमार, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, मुखिया सोनी कुमारी, रामाशंकर पासवान, राजीव नयन पांडेय, बलराम सिंह आदि उपस्थित थे।

### आरटीई को लेकर बच्चों को किया जागरूक

**बरवाडीह।** प्रखंड के ग्राम जुरूहार में सोमवार को क्लारेशीयन सोसायटी एवं नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी के संयुक्त कार्यक्रम में जमतिया के स्कूली बच्चों को अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की जानकारी देते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने की। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष देवनाथ सिंह खरवार ने किया। इस मौके पर कुंदन कुमार, सोसाइटी सदस्य साकेन होरो, डीएन राम, कृष्णा किशोर, सविता देवी, पूनम देवी, सरोजिनी कुमारी, सुमन देवी, अमृता देवी, रामनाथ उरांव आदि उपस्थित थे।

### एसडीओ ने किया वोटर लिस्ट पन्ना का सत्यापन

**महुआडांड़।** निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने सोमवार को बूथ संख्या 292, 293, 294, 295 और 296 के अंतर्गत आने वाले मतदाता सूची पन्ना का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने बूथ अंतर्गत आने वाले सभी घरों में जाकर मतदाता सूची के पन्ना से मतदाताओं के घर का मिलान कर सत्यापन किया साथ ही हाउस टू हाउस का भी सत्यापन किया। एसडीओ बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक को मृत, स्थाई रूप से स्थानांतरित, शादी कर बाहर चले जाने वाले एवं दुबारा प्रविष्टि वाले मतदाताओं को नियमानुसार सूची से नाम हटाने साथ ही नए मतदाता का नाम प्रपत्र 6 और सुधार के लिए प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया।

### धर्म-कर्म | भक्तों ने भोलेबाबा की विशेष- पूजा अर्चना की

# सोमवारी को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
सावन की सातवीं सोमवारी को भगवान शिव के पूजन के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भोलेबाबा की विशेष- पूजा अर्चना की। कई जगह पार्थिव शिवलिंग भी बनाए गए। शिवजी का अभिषेक करने श्रद्धालु आज सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। यह क्रम दिन भर अनवरत चलता रहा। भक्तों ने भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, अकौआ के फूल आदि अर्पित किए। दुग्धाभिषेक भी किया।

नामुदाग के मनिकेश्वर मंदिर, दुमुंहान नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर, पंचफेड़ी चौक, मनिका थाना के समीप व मनिका बाजार टा ड स्थित शिव मंदिरों शंकर जी के दर्शनों को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



दुमुंहान मंदिर में पूजन-अर्चन और दर्शनों के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा है। यहां पर श्रद्धालुओं ने शिवजी का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। व दुमुंहान नदी से शुद्ध जल लेकर 11 किमी नामुदाग के मनिकेश्वर मंदिर में शिव जी पर जलार्पण किया। यहां लगे मेले का भी श्रद्धालुओं ने लुत्फ भी उठाया। मनिकेश्वर मंदिर पुजारी अखिलेश पाठक व दुमुंहान के शिव मंदिर में पुजारी दयानन्द भारती उपस्थित थे।

# समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए उचित दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) एवं (डीएलआरएसी) की समीक्षा बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2023-2024 बैंको की उपलब्धियों एवं वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सी.डी. रेशियो पर चर्चा किया गया ' बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के क्रियान्यवयन की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीडी रेशियो की समीक्षा में बताया गया कि जून 2023 तिमाही में सीडी रेश्यो 41.23 प्रतिशत रहा। किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल एसीपी लक्ष्य 20371 निर्धारित है। इसके विरुद्ध प्रथम तिमाही में 3326 किसानों का केसीसी ऋण दिया गया है जो लक्ष्य का 16.32 प्रतिशत है।किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया।

## सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

# बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सावन माह की सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गईं। घरों में ही भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन के सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। इधर मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त करते नजर आए और शहर के हर शिवालयों में पुलिस के जवानों की तैनाती देखी गई। मंदिरों में भजन - कीर्तन का दौर पूरे दिन चलता रहा।

### अखिलेश्वर धाम में त्रिमूर्ति बीज कंपनी ने भंडारा आयोजित किया

**भंडरा।** अखिलेश्वर धाम परिसर में सोमवार को नागपंचमी सोमवारी के मौके पर त्रिमूर्ति बीज कंपनी के साहू इंटरप्राइजेज सन्स के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। हजारों भक्तों को भंडारे में शामिल कर उन्हें आदर पूर्वक प्रसाद ग्रहण कराया गया। भंडारा आयोजित करने में त्रिमूर्ति बीच कंपनी के जागेश्वर महतो, अवधेश प्रसाद रंजन कुमार अनित गुप्ता, शाहिद अंसारी समेत अन्य में महत्वपूर्ण सक्रिय भूमिका निभाया।

### 'दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान लाना मंच का उद्देश्य'

**लोहरदगा।** मारवाड़ी युवा मंच लोहरदगा शाखा के द्वारा दिव्यांग जनों की सहायता हेतु जल्दी ही एक निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने बताया के इस शिविर में वैसे दिव्यांग भाई- बहन जिनके पैर और हाथ नहीं है और वे अपने दैनिक कार्य सही से नहीं कर पाते हैं उन्हें कृत्रिम हाथ पैर निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। सर्वप्रथम उनकी मापी ली जाएगी फिर अंग लगा कर प्रैक्टिस कराई जाएगी। पूर्व में भी लोहरदगा के 23 लोगों का नई एवं उत्तम तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण मंच के माध्यम से किया गया था, जिससे वे बहुत लाभान्वित हुए थे। शिविर में एक और नई सहयोग बधिर व कम या नहीं सुनने वाले की ऑडियोमेट्री जांच कर स्पेशल कान की मशीन भी निशुल्क दी जाएगी। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया व सचिव आशीष पोद्दार ने कहा कि जो भी शिविर का लाभ लेना चाहते हैं 25 सितंबर तक अपना रजिस्ट्रेशन 7782927580-8709573467-8986653171 नंबर से संपर्क कर करा सकते हैं अथवा मारवाड़ी युवा मंच के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकते हैं।

## तेज रफ्तार पर नकेल कसने को चलाया गया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के अलग-अलग सड़कों पर आए दिन यातायात नियम का उल्लंघन कर मोटरसाइकिल चलाने के लगातार मिल रही शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। यातायात प्रभारी सुजीत कुमार ,जिला परिवहन विभाग के रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार के नेतृत्व में लोहरदगा -रांची मुख्य पथ में शंख नदी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहनों से जुमार्ना वसुला गया। नियम तोड़ने वाले लोगों को नियम बतएगये। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से मोटरसाइकिल चालकों में हड़कंप मच गया। बिना हेलमेट और तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चलाने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है. यातायात नियम को उल्लंघन कर रहे लोगो पुलिस की कार्रवाई से उल्लंघन करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। यातायात प्रभारी सुजीत कुमार का कहना है कि लगातार इस तरह का अभियान चलाया जाएगा जो लोग नियमों को उल्लंघन करेंगे, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### टेंपो के धक्के से साइकिल सवार जख्मी

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र संख मोड़ चापी रोड में हेसल मंगन टोली के पास साइकिल सवार को अज्ञात टेंपो के द्वारा धक्का मारने से जख्मी हो गया। साइकिल सवार गन्नौर पासवान ग्राम सुमेरगंज जिला हाजीपुर का रहने वाला है। वह ग्राम कुजरा में रहकर चौकी पलंग इत्यादि बनाकर घूम-घूम कर बेचने का काम करता है। जो कहीं से पैसा वसूल कर लौट रहे थे। इस दौरान उक्त स्थान पर टेंपो के चपेट में आ गया। घायल को दीपक चौधरी, प्रकाश साहू एवं अन्य ग्रामीणों ने एक वाहन पर लोड कर शंख पैकेट रिवर व्यू हॉस्पिटल भेज दिया। जहां पर चौकीदार समसुल अंसारी ने काफी सहयोग किया। उनके साथ उनका साथी अमोद कुमार हैं।

## बीपीओ, बीआरपी व सीआरपी को दिया गया प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस अभिषेक झा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी,लोहरदगा, अम्बुज्या पांडेय,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सरिता एक्का,एपीओ सह प्रभाग प्रभारी, उपस्थित मास्टर ट्रेनर दीनबंधु डे,जीतेंद्र मित्तल आदि के द्वारा प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। सभी प्रखंडों के बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण साझेदारीह्व प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर दिया जा रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य और दायित्व, नई शिक्षा नीति 2020, निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और बाल अधिकार चाइल्ड राइट्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उपरोक्त प्रशिक्षण सीआरपी,दीनबंधु डे और जीतेंद्र मित्तल द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में प्रभाग प्रभारी सरिता एक्का द्वारा बतलाया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण एक समय बद्ध कार्यक्रम है, जिसे माह सितंबर अक्टूबर में पूर्ण किया जाना है।

## पेड़ पर रस्सी से लटका मिला युवक का शव



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
थाना क्षेत्र के कैरो बिराजपुर निवासी सोमरा उरांव पिता स्व झिरगा उरांव (30) का शव कैरो नवाटोली एडादोन के सिमाना पर बिल्टी चौरा में अमीन अंसारी के खेत के पीछे बकाइंद के पेड़ पर गले में रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया गया। इसकी सूचना अमीन अंसारी के द्वारा कैरो थाना को दी गई। कैरो थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिजनों को खबर भेजकर बुलवाकर पोस्टमास्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। पुलिस प्रशासन मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

## अंतिम संस्कार को लेकर दो गांवों के बीच तनाव

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही ग्राम में दो अलग अलग परिवार के सदस्य की मौत होने के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए बरही ग्राम के ग्रामीण एवं मृतक के परिजन शव को लेकर कोयल नदी दतरी जा रहे थे। तभी दतरी के नौजवान एवं ग्रामीणों ने शव यात्रा को रोकते हुए अंतिम संस्कार पर रोक रोक लगा दी। पांच घंटे बीत जाने के पश्चात अंचलाधिकारी विजय कुमार, एसआई गणेश कुमार यादव एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों की पहल से हुये समझौते के उपरांत दतरी कोयल नदी तट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों के अनुसार बरही निवासी भदरु लोहरा 55 वर्ष पिता स्वर्गीय भुरण लोहरा एवं नारायण महतो की 50 वर्षीय पत्नी कमला देवी की मौत लंबे समय से बीमार रहने के कारण हो गयी थी। बताया जाता है कि बरही ग्राम में सावन माह में शव का अंतिम संस्कार पूर्वजों के समय से नहीं होता है। इसको लेकर लोग झालजमीरा पंचायत के दतरी कोयल नदी में शव का अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं। गांव के पहान की अनुमति से दाह संस्कार कार्य सुचारु रूप से चला आ रहा था, परंतु सोमवार को दोनों शवों का अंतिम संस्कार करने से दतरी के ग्रामीणों द्वारा रोक दिया गया था।



## कैरो में परिजनों की रजामंदी से थाने में संपन्न हुयी प्रेमी युगल की शादी

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
थाना परिसर में सोमवार को प्रेमी युगल की शादी परिजनों की रजामंदी से हुई। जानकारी के अनुसार कैरो निवासी दिनेश राम की 18 वर्षीय पुत्री ममता कुमारी व ग्राम ओकिया थाना बालूमाथ जिला लातेहार निवासी बडहन साहू के 22 वर्षीय पुत्र सुभाष साहू का विवाह दोनों पक्षों की रजामंदी के बाद कराई गई। लड़का लड़की ने एक दूसरे को माला पहना कर व लड़का द्वारा लड़की की मांग में सिंदूर भरकर एक दूसरे को पति पत्नी के रूप में स्वीकार किया गया। बताया गया कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। लड़की के द्वारा कैरो थाना को भी इसकी सूचना दी गई। रविवार को लड़का लड़की के घर आया और अपने अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। इसके बाद लड़का पक्ष के लोग कैरो पहुंचकर समझौता किये। लड़का लड़की के राजी होने से शादी कराई गई।



## बीडीओ ने की डोर टू डोर सर्वे की समीक्षा

**कैरो।** मतदाता सूची को पूर्ण रूप से त्रुटि रहित बनाने को लेकर सभी बीएलओ के द्वारा 23 जुलाई से घर-घर जाकर सर्वे करने का निर्देश प्राप्त था। इसके तहत सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा समीक्षा बैठक की गयी। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर दिनेश कुमार, रौशन उरांव, राजु कुमार, बीएलओ सुनीता देवी, सरोज उरांव, नसीमा खातून, सुचित्रा उरांव, राजमणी मिंज, रुक्मणि उरांव, मंसूर आलम, पंचम एतवा पहान, प्रमिला देवी, प्रवेज अख्तर, बसंती देवी, इंदु लकड़ा, सबिता कुमारी, मंजू कुमारी गायत्री देवी, मेरी देवी आदि उपस्थित थे।

## 'देश के शहीदों के आदर्शों को अपनाने की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राजकीय महर्षि दयानंद मध्य विद्यालय शांति आश्रम लोहरदगा में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य शरतचंद्र आर्य द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम काफी आयोजन किया गया। मौके पर आचार्य ने उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को नमन वंदन किया। उन्होंने उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सावित्री मधुर, विद्यालय की शिक्षिका मंजू कुमारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता गुप्तेश्वर गुप्ता के द्वारा अपने उद्बोधनों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया। मौके पर लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, शिक्षिका मधु लता सिन्हा, सीमा यादव, चेरिया देवी, तुषार जयसवाल, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, योग शिक्षिका खुशी भारती, उत्तम शर्मा, माता समिति की सदस्य गण विशेष रूप से मौजूद रहे।



## संक्षिप्त

### स्कूल में विजयी प्रतिभागियों को मिला सम्मान



**लोहरदगा।** संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। विजयी प्रतिभागी दिव्या उरांव, अमृता कुमारी, दीक्षा कुमारी, उत्कर्ष कुमार कश्यप, अंश राज सिंघल, अंकित प्रजापति, प्रभात कच्छप, रोहित कुमार साहू, गणेश कुमार प्रजापति, आस्था पांडे, प्राची सोनी, कृष्ण कुमार साहू, राजकुमार साहू, आयुष कुमार एवं पलक मेहता को पुरस्कार दिया गया। गौरतलब है कि 19 अगस्त शनिवार को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में संस्कृत, संस्कृति बोध, वैदिक गणित, विज्ञान एवं संगणक विद्यालय के भैया बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा परिश्रम सफलता की कुंजी होती है। आगामी विभाग स्तरीय एवं प्रांतीय प्रतियोगिता में भी भैया बहन कठोर परिश्रम के बल पर सफलता का परचम लहराएंगे ऐसी आशीष एवं शुभकामना है।

### विभिन्न विकास योजनाओं की हुयी समीक्षा



**लोहरदगा।** आई आरएडी/ई डीएआर के स्टेक होल्डर एवं चिकित्सा सचिव, झारखंड, रांची के कार्यालय से आये हुए प्रतिनिधियों के द्वारा जिले में चलाये जा रहे आई आरएडी/ई डीएआर से संबंधित विकास योजनाओं की वर्तमान रिपोर्ट एवं प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। उक्त समीक्षा के क्रम में प्रतिनिधियों द्वारा वर्तमान में चल रहे उक्त विकास योजनाओं को पुलिस विभाग से सम्नवय स्थापित कर और तीव्र गति से एवं सही तरीके से रिपोटिंग की प्रक्रिया को तकनिकी के जरिये आसान करने के उद्देश्य से विकसित किये गये मोबाइल एप्प आई आरएडी/ई डीएआर के माध्यम से ऑनलाइन इंट्री कर त्वरित रिपोटिंग प्रक्रिया लागू करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में चिकित्सक डॉ. अनील कुमार, डॉ. राम मोहन खलखो, डॉ. शंकर प्रसाद, उपाधीक्षक चिकित्सक, शुभाशनि तिर्की, नाजिस अख्तर एवं आई आरएडी/ई डीएआर के जिला रॉल आउट मैनेजर कृष्णा कुमार उपस्थित थे।

### अवैध चिप्स लदे ट्रक को किया गया जब्त




**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने अवैध चिप्स लदा हाइवा जे एच 07 जे 8610 को परिचालन करते हुए पकड़ सेन्हा थाना को सुरक्षित रखने हेतु सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर भ्रमण कर रहे थे.उसी दौरान हाइवा ट्रक जिसपर अवैध चिप्स लोड था.जिसे रोक कर चिप्स का चालान मांग करने पर कागजात चालक के द्वारा प्रस्तुत नही करने पर ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया.इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने बताया कि खनन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार जब्त ट्रक को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है.साथ ही उन्होंने कहा खनन विभाग के निर्देश पर जब्त हाइवा ट्रक के विरुद्ध अग्रतर कारवाई किया जाएगा।

**सक्सेस स्टोरी** एसएचजी से मिले ऋण ने कैरो की सोनिका के सामाजिक व आर्थिक जीवन में लाया बदलाव

# मजदूरी की, दारू बेची; आज सम्मान से कर रहीं जीवनयापन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कैरो प्रखंड की एक मजदूर महिला जो पहले मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती थी फिर बाद में जीवन यापन के लिए हड़िया दारू बेचने पर मजबूर हो गई। आज के समय मे वो स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उससे ऋण लेकर दुकान कर इज्जत के साथ काम करके अपने परिवार का जीवन यापन कर रही। हम बात कर रहे हैं सोनिका कुमारी की जो कैरो प्रखंड के कैरो जामुनटोली गांव की रहने वाली है। सोनिका ने स्नातक की पढ़ाई की है। विवाह के बाद उनकी पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं रही, उनके पति और सासझ्ससुर घर का खर्चा चलाने के लिए राज्य से बाहर जाया करते थे और कुली का काम किया करते थे। मजदूरी से ही सोनिका के परिवार का भरण पोषण होता था। पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं होने से उनको घर का आजीविका चलाने में कई तरह की समस्याएं होती थी, जिससे परेशान होकर वह घर की आजीविका को संभालने के लिए हंड़िया बनाकर बेचने लगी। उससे जो भी कमाई उनको प्राप्त होती थी उसी से उनकी घर की आजीविका चलती थी, परंतु घर में हंड़िया बनाने से कभी कभी गांव या बाहर के लोग उनके घर पर ही हड़िया पीने आ जाया करते थे जिनको देखकर उनके बच्चो पर उसका बुरा असर पड़ रहा था। उसी दौरान प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई जेएसएलपीएस कैरो की तरफ से सोनिका को प्रेरित किया गया कि वह हँड़िया बनाना छोड़कर सम्मानजनक कार्य करे जिससे गांव और समाज में उनकी अच्छी छवि बने। जेएसएलपीएस कैरो की ओर से फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान अंतर्गत सोनिका को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गयी। इससे उन्होंने अपने घर पर एक छोटी सी दुकान खोली। दूकान का दायरा बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर उन्होंने अतिरक्त 5 हजार रुपये अपने स्वयं सहायता समूह दीपक आजीविका सखी मंडल से ऋण लिया और फास्ट फूड, आमलेट बनाने और अंडा बिक्री इत्यादि का कार्य करने लगी। सोनिका का कहना है कि उनको अपनी छोटी-सी दुकान से 4-5 हजार रुपये प्रति माह की आमदनी हो जाती है।



वर्तमान में सोनिका अपने गांव में सीआरपी ईपी कैडर के रूप में कार्यरत है, दुकान चलाने के अतिरिक्त उन्होंने एसएचजी से द्वितीय बार 25000 रुपये का ऋण खेती-बाड़ी करने के लिए लिया जिसमे उन्होंने धान, मिर्च, खीरा इत्यादि की खेती की 25000 रुपये लौटाने के पश्चात उनको लगभग 15 हजार रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। उसके पश्चात उन्होंने तीसरी बार 50 हजार रुपये का लोन लिया जिससे उन्होंने 2 देसी गाय खरीदा वर्तमान में उनके पास 3 गाय हैं और 2 बछड़े। दोनों गाय दूध भी देती हैं। उनका कहना है कि प्रतिदिन 3-4 लीटर दूध 30 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बेचती है, जिससे उनको 1 माह में लगभग 2700-3000 रुपये की आमदनी प्राप्त हो जाती है। इसके अलावा सोनिका मिनी टेंट हाउस का दुकान भी खोली है जिससे उनको सीजन में अच्छी कमाई हो जाती है। वर्तमान में सोनिका की कुल आमदनी लगभग 8000 रुपये से 10000 रुपये प्रति माह के बीच है। सोनिका भविष्य में जूता और चप्पल की दुकान खोलना चाहती है और अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाना चाहती है। उनके बच्चे कैरो प्रखंड में ही विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। उनका कहना है कि एसएचजी में जुड़ने के पश्चात उनका सामाजिक और आर्थिक जीवन में काफी सुधार हुआ है। जो भी महिलाएं हड़िया दारू बेचने का कार्य करती हैं वे राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ें और एक सम्मानजनक जीवन जियें।

सभी के जिंदगी के दो पहलू होते है। पहला सुख जो सबको दिखाई देती है और दूसरा दुःख जिसे कोई देखना नहीं चाहता, पर यही वह पहलू है जो हमे जीना सिखाती है।' - अज्ञात



# इंतजार कब तक...

**झारखंड** में भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बनने के बाद विधायक दल के नेता की आस में कई लोग केंद्रीय नेतृत्व पर टकटकी लगाए बैठे हैं। एक माह के करीब मरांडी को अध्यक्ष बने होने को है। यही कारण है कि भाजपा विधायक दल के नेता पर सस्पेंस जारी है। पार्टी विधायकों की नजर दिल्ली पर टिकी हुई हैं। उन्हे उम्मीद है कि जल्द इस मामले पर फैसला हो जायेगा। कब और किसके नाम पर पार्टी के टॉप लीडर विधायक दल के नेता पर मुहर लगायेंगे, यह अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। जुलाई महीने के आखिरी सप्ताह में झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र से पूर्व भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई थी। इस दौरान यह मसला काफी चर्चा में था कि केंद्रीय मंत्री और पर्यवेक्षक अश्विनी चौबे की उपस्थिति में विधायक दल के नेता के नाम पर सहमति बन जायेगी। इसकी घोषणा भी उसी दौरान हो जाने की बात थी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। कहा गया कि कुछ नामों के साथ वे दिल्ली गये हैं। अब दिल्ली में ही पार्टी के शीर्ष लीडर किसी एक नाम को तय करेंगे। अब करीब एक महीने होने होने को है,लेकिन किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पायी है। ऐसे में विधायकों का अपने नेता के लिए इंतजार बना ही हुआ है। दरअसल प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने खुद को विधायक दल के नेता पद से मुक्त करने की इच्छा पार्टी के शीर्ष नेताओं से जतायी थी। ऐसे में पार्टी विधायक दल की बैठक के दौरान पूरी संभावना थी कि विधायकों के बीच से कोई सर्वमान्य नाम तय कर नया नेता तय कर लिया जायेगा। यह भी कि मॉनसून सत्र में विधायक दल के नये नेता के साथ पार्टी सदन में उपस्थिति दिखायेगी। पर किन्हीं कारणों से नाम तय हो नहीं सका। पार्टी के मुताबिक बाबूलाल ही विधायक दल के नेता बने अभी भी बने हुए हैं। जबकि वह खुद इस जवाबदेही से मुक्त होकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कई जगहों पर सभा कर रहे हैं। ऐसे में विधायक दल का नेता रहते मरांडी अपने आप को सहज महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में केन्द्रीय नेतृत्व को चाहिए कि इस दिशा में कारगर कदम उटाये। दूसरी तरफ फैसला जल्द नहीं होने की स्थिति में कई भाजपा विधायकों के मन में गलत संदेश जाने का खतरा है। वैसे विधायक दल की बैठक होने तक पार्टी के कई विधायकों का नाम विधायक दल के नेता के रूप में सामने आ रहे हैं। इनमें विधायक सीपी सिंह, अमर कुमार बाउरी, अनंत ओझा, राज सिन्हा, अमित मंडल, जय प्रकाश भाई पटेल जैसे नामों पर ही ज्यादा दांव खेला जा सकता है। यह भी चर्चा होती रही कि चूंकि ट्राइबल क्लास के लिहाज से पार्टी ने कई स्तरों पर काम कर दिखाया है। इनमें द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाये जाने से लेकर बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने जैसे काम प्रमुख हैं। ऐसे में पार्टी के कोर वोटरों के लिहाज से जेनरल वर्ग के किसी नेता को ही विधायक दल की बागडोर दी जाये। इस पैमाने से सीपी सिंह, राज सिन्हा, अनंत ओझा के नाम पर कयास लगाये जा रहे हैं। पार्टी में लंबे समय से इनके समर्पण, अनुभव और महत्वपूर्ण पदों के निर्वहन किए जाने के लिहाज से इन पर भरोसा जताये जाने की चर्चा लगातार बनी हुई है। अब आगे देखना है कि किसके नाम पर सहमति बनती है। लेकिन इस मामले में देर करना पार्टी के सेहत के लिए अच्छा भी नहीं है। रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय नेतृत्व नये नेता पर फैसला करने की जुगत में लगा हुआ है। इधर, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और विधायक इस आस में हैं कि जल्द नेता प्रतिपक्ष का फैसला हो। अगले वर्ष लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव भी राज्य में होने हैं। जितनी जल्दी इस मसले पर विचार तय हो जाये, पार्टी हित में बेहतर होगा।

**दरअसल प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने खुद को विधायक दल के नेता पद से मुक्त करने की इच्छा पार्टी के शीर्ष नेताओं से जतायी थी। ऐसे में पार्टी विधायक दल की बैठक के दौरान पूरी संभावना थी कि विधायकों के बीच से कोई सर्वमान्य नाम तय कर नया नेता तय कर लिया जायेगा।**

# चीन की चाशनी में लिपटा 'लेफ्ट मीडिया'





लोकेन्द्र सिंह

**भारत** के कुछ मीडिया संस्थानों को लेकर सामान्य नागरिकों के मन में अकसर प्रश्न उठते हैं कि उनके समाचारों एवं विचारों में भारत विरोध की बू क्यों आती है? जब देश समाधानमूलक पत्रकारिता की अपेक्षा करता है, तब ये अपनी रिपोर्टिंग से बनावटी विवादों को जन्म क्यों देते हैं? ये चीन और पाकिस्तान परस्त क्यों दिखाई देते हैं? इस प्रकार के अनेक प्रश्नों के उत्तर अमेरिकी समाचारपत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट से मिलते हैं। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन दुनियाभर में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को पैसे देकर अपनी छवि चमकाने और दूसरे देशों के खिलाफ दुष्प्रचार को अंजाम दे रहा है। इस तरह चीन अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध 'धुंआ रहित युद्ध' भी लड़ रहा है। चीन के इस एजेंडा को चलाने में श्रीलंकाई मूल का अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम किंगपिंग के तौर पर सामने आया है। नेविल चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की प्रचार शाखा से जुड़ा है। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन के दलाल नेविल ने कम्युनिस्ट खेमे की वेबसाइट 'न्यूज क्लिक' को करोड़ों रुपये की फंडिंग की है। न्यूज क्लिक और उससे जुड़े पत्रकारों की पत्रकारिता का विश्लेषण करें, तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है कि चीन से किस बात के लिए उन्हें पैसा मिला होगा। हालांकि जो देशभक्त प्रबुद्ध वर्ग है उसे इस खुलासे से कतई आश्चर्य नहीं हुआ होगा क्योंकि देश बाह्य ताकतों के इशारे पर काम करने का कम्युनिस्टों का इतिहास रहा है। एक समय में कम्युनिस्ट खेमा रूस से संचालित होता था, लेकिन जब रूस में तानाशाही कम्युनिज्म व्यवस्था धराशायी हो गई तब उन्होंने कम्युनिस्ट चीन के साथ अपने संबंध जोड़ लिए। याद हो, जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया तब भारत के कम्युनिस्ट नेता एवं बुद्धिजीवी आक्रांता देश के पाले में जाकर खड़े हो गये। भारत पर आक्रमण करने के लिए चीन का विरोध करने की जगह, कम्युनिस्ट उसके पक्ष में सड़कों पर रैलियां निकाल रहे थे और भारत की ही आलोचना कर रहे थे। कम्युनिस्ट मीडिया का चीन की गोदी में बैठना कोई मजबूरी नहीं, अपितु उसका स्वाभाविक चरित्र ही है। आज जब भारत तेजी से विश्वपटल पर प्रभावशाली भूमिका को प्राप्त कर रहा है, तब कम्युनिस्ट मीडिया चीन के इशारे पर भारत की छवि को खराब करने के व्यभिचार में शामिल हो गया है। किसी कठपुतली की भांति भारत में सक्रिय कम्युनिस्ट मीडिया अपने आका चीन की अंगुलियों के इशारे पर नाच रहा है। असली गोदी मीडिया तो यही है। हैरानी की बात है कि अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में जब भी भारत विरोधी समाचार या लेख प्रकाशित होते हैं, तब समूचा प्रगतिशील खेमा एवं तथाकथित सेकुलर बिरादरी उनकी कतरनें किसी विजयी ध्वज की तरह लहराते हुए हो-हल्ला मचाते हैं। परंतु जब उसी समाचार पत्र ने एक खतरनाक सच को उजागर किया है, तब यह खेमा या तो चुप है या फिर मुंह भी खोल रहा है तो उस रिपोर्ट पर प्रश्न उठाने के लिए। याद हो, वर्ष 2021 में ही प्रवर्तन निदेशालय की जांच में यह बात सामने आ गई थी कि 'न्यूज क्लिक' को जो विदेशी निवेश मिल रहा है, उसमें भारी अनियमितता है। उस समय भी चीनी दलाल नेविल रॉय सिंघम का नाम सामने आया था। उस समय न्यूज क्लिक के प्रधान संपादक और निदेशक प्रबीर पुरकायस्थ के कार्यालय और आवास पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के दौरान माओवादी नवलखा और सीपीएम के आईटी सेल से जुड़े बप्पादित्य सिन्हा को भुगतान से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किये गये थे। अब उन लोगों एवं राजनीतिक दलों का चरित्र भी देश की आम जनता को समझ आ रहा है, जिन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 'न्यूज क्लिक' पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का विरोध किया था। स्मरण रहे कि कम्युनिस्ट पार्टियों सहित कांग्रेस ने भी प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया था। लेकिन आज एक बार फिर जब भारत विरोध के लिए कुख्यात वामपंथी मीडिया 'न्यूज क्लिक' का सच सामने आया है, तब यह मुंह में दही जमाकर बैठ गये हैं। यदि हम प्रवर्तन निदेशालय की जांच-पड़ताल और अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का अध्ययन करें, तो दोनों में बहुत साम्य दिखाई देता है। इससे साफ होता है कि प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई बेबुनियाद नहीं थी। 'न्यूज क्लिक' और उससे जुड़े पत्रकार एवं एक्टिविस्ट चीन से धन प्राप्त करके भारत विरोधी विमर्श को खड़ा करने के काम में संलग्न थे। इस खुलासे के बाद अब भारत सरकार को नए सिरे से न्यूज क्लिक और उसके जैसी अन्य वेबसाइटों की जांच करानी चाहिए। आशंका है कि चीन की चाशनी में केवल 'न्यूज क्लिक' अकेला नहीं लिपटा है, बल्कि इसमें अन्य वेबसाइट एवं स्वतंत्र पत्रकार भी लिप्त होंगे। यह बहुत गंभीर मामला है। भारत के विरुद्ध चीन की ओर से जारी अदृश्य युद्ध में इस प्रकार के समाचार संस्थान चीनी पिट्ठू हैं। ये समाचार संस्थान अप्रत्यक्ष रूप से चीन के एजेंडे को समाज में फैलाने के काम में लगे हुए हैं। समय रहते इन सबको उजागर करना और संविधान सम्मत कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में चीनी दुष्प्रचार और एजेंडा चलाने के लिए 'न्यूज क्लिक' को नेविल की कंपनियों एवं उसके समर्थन वाले दूसरे स्रोतों से लगभग 38 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें से 20 करोड़ रुपये निर्यात भुगतान के रूप में मिले हैं, जबकि 10 करोड़ रुपये एफडीआई के तौर पर मिले। इसके अलावा 1.5 करोड़ रुपये कार्यालय संधारण के तौर पर मिले। इसके अलावा शेष रकम सीधे तौर पर 'न्यूज क्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को मिली है। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय न्यूज क्लिक पोर्टल चलाने वाली कंपनी को 86 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी धनराशि मिलने की जांच कर रहा है। निदेशालय की जांच के अनुसार, न्यूज क्लिक को विदेश में सेवा के बदले मार्च 2018 तक जस्टिस ऐंड एजुकेशन फंड इंक, अमेरिका, द ट्राइकॉन्टिनेंटल लि. अमेरिका, जीएसपीएन एलएलसी अमेरिका और सेंट्रो पॉपुलर डी मिडास, ब्राजील से क्रमशः 76.84 करोड़ रुपये, 1.61 करोड़ रुपये, 26.98 लाख रुपये और 2.03 लाख रुपये प्राप्त हुए।

**चीन के इस एजेंडा को चलाने में श्रीलंकाई मूल का अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम किंगपिंग के तौर पर सामने आया है। नेविल चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की प्रचार शाखा से जुड़ा है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा कृष्ण भक्त मीरा की*

**जोधपुर** के राठौड़ रतनसिंह जी की इकलौती पुत्री मीराबाई का जन्म सोलहवीं शताब्दी में हुआ था। बचपन से ही वह कृष्ण-भक्ति में रम गई थीं। मीराबाई के बचपन में हुई एक घटना की वजह से उनका कृष्ण-प्रेम अपनी चरम अवस्था तक पहुंचा। एक दिन उनके पड़ोस में किसी बड़े आदमी के यहां बारात आई। सभी औरतें छत पर खड़ी होकर बारात देख रही थीं। मीरा भी बारात देखने लगीं। बारात को देख मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है? इस पर उनकी माता ने कृष्ण की मूर्ति की ओर इशारा कर के कह दिया कि यही तुम्हारे दूल्हा हैं। बस यह बात मीरा के बालमन में एक गांठ की तरह बंध गई। बाद में मीराबाई की शादी महाराणा सांगा के पुत्र भोजराज, जो आगे चलकर महाराणा कुंभा कहलाए, से कर दी गई। मीरा ने गुरु के बारे में कहा है कि बिना गुरु धारण किये भक्ति नहीं होती। भक्तिपूर्ण इंसान ही प्रभु प्राप्ति का भेद बता सकता है। वही सच्चा गुरु है। स्वयं मीरा के पद से पता चलता है कि उनके गुरु रैदास थे। इस शादी के लिए पहले तो मीराबाई ने मना कर दिया, लेकिन जोर देने पर वह फूट-फूट कर रोने लगीं। शादी के बाद विदाई के समय वे कृष्ण की वही मूर्ति अपने साथ ले गईं, जिसे उनकी माता ने उनका दूल्हा बताया था। ससुराल में अपने घरेलू कामकाज निबटाने के बाद मीरा रोज कृष्ण के मंदिर चली जातीं और कृष्ण की पूजा करतीं, उनकी मूर्ति के सामने गातीं और नृत्य करतीं। उनके ससुराल वाले तुलजा भवानी यानी दुर्गा को कुल-देवी मानते थे। जब मीरा ने कुल-देवी की पूजा करने से इनकार कर दिया तो परिवार वालों ने उनकी श्रद्धा-भक्ति को मंजूरी नहीं दी। मीराबाई की ननद उदाबाई ने उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ एक साजिश रची।

*(क्रमशः)*

# मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध क्यों?



ललित गर्ग

**एक** बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को नीचा दिखाने के इरादे से लद्दाख में चारागाह भूमि पर चीनी सेना का कब्जा होने का दावा किया है, निश्चित इस तरह के बयान न केवल सेना के मनोबल को कमजोर करते हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करते हैं। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान सशक्त नेता बनेंगे? राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान है, उससे यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। यह भूला नहीं जा सकता कि डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है? राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? राहुल को यह भी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू के समय चीन ने किस तरह पहले तिब्बत को हड़पा और फिर 1962 के युद्ध में 'हिन्दी चीनी भाई-भाई' का नारा जप कर भारत माता की 45,000 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी। आज जब भारत चीन के अतिक्रमणकारी एवं अति महत्वाकांक्षी रवैये के खिलाफ डटकर खड़ा है और उसे उसी की भाषा में जवाब दे रहा है तब राहुल गांधी जानबूझकर प्रधानमंत्री की एक सशक्त एवं विश्व नेता की छवि पर हमला करने के लिए उतावले रहते हैं। वह अंध मोदी विरोध के चलते सारी मर्यादाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं। वह यह बुनियादी बात समझने के लिए तैयार नहीं कि जब रक्षा और विदेश नीति के मामलों में राजनीतिक वर्ग एक सुर में नहीं बोलता तो इससे राष्ट्रीय हितों को चोट ही पहुंचती है, इससे राष्ट्र कमजोर होता है। चीन एवं पाकिस्तान जैसे दुश्मन राष्ट्र इसी से ऊर्जा पाकर अधिक हमलावर बनते हैं।

**राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# सावधान, रोजाना 1971 बुजुर्ग कोर्ट जाने को हो रहे मजबूर!



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**एक** तरफ यह माना जा रहा है कि 2050 आते-आते देश का हर पांचवां नागरिक बुजुर्ग होगा तो दूसरी और बुजुर्गों के साथ असम्मान में दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में सात लाख बुजुर्गों ने अदालतों के द्वार खटखटाये हैं। इसका मतलब है कि एक दिन में करीब 1917 बुजुर्गों ने कोर्ट को अपना दुखड़ा बताया। इससे पहले अदालतों में बुजुर्गों द्वारा दर्ज कराये गये पांच साल से अधिक के 20 लाख से अधिक मामले न्याय में लंबित हैं। सवाल यह नहीं है कि अदालतों में कितने मामले लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि कितने समय से लंबित हैं। सवाल यह भी नहीं है कि अदालतों में बुजुर्गों से संबंधित मामलों के निर्णय में क्यों देरी हो रही है? सीधा और सौ टके का सवाल यह है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। केवल और केवल एक साल में सात लाख मामलों का सामने आना हमारे समाज की बुजुर्गों के प्रति असहिष्णुता को स्पष्ट रुप से दर्शाता है। एक और हमारी संस्कृति और सभ्यता में बुजुर्गों के सम्मान सिखाया जाता रहा है, वहीं अब समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा न्यायालय का दरवाजा खटखटाना बेहद चिंता का विषय हो जाता है। एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मॉनेटरिंग होती है। अब सवाल सीधा-साधा यह हो जाता है कि एक साल में सात लाख मामले सामने आने का मतलब साफ है कि असलियत में इस तरह के मामले कई गुणा होंगे। साफ है अदालत या पुलिस में केस दर्ज कराने के हालात बहुत ही अति की स्थिति में होते हैं। एफआईआर या अदालत में इस्तगासा कराना आम आदमी के लिए ही मुश्किल भरा काम होता है तो किसी बुजुर्ग से इस तरह की आशा करना बेमानी ही होगा। दरअसल कोई भी आदमी मेरा मतलब आम आदमी से भी है कि उसके द्वारा भी पुलिस थानों या वकीलों और अदालतों के चक्कर लगाने से बचने की ही कोशिश की जाती है। फिर बुजुर्ग की तो अपनी सीमाएं होती हैं। कोर्ट-कचहरी तक जाने से आज भी आम आदमी डरता है। हालांकि न्यायालयों के प्रति आम आदमी का विश्वास बरकरार है चाहे उसमें देरी कितनी भी हो रही हो। न्याय में विश्वास का ही परिणाम है कि न्यायालयों में वादों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। सवाल सीधे-सीधे यह हो जाता है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान के हालात क्यों बन रहे हैं। चिंतनीय यह भी हो जाता है कि आज देश में औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है तो युवा जनसंख्या के आधिक्य के साथ ही 2050 तक सीनियर सिटीजंस की संख्या बढ़ेगी ही, इसलिए एक ओर जहां सरकारों को अभी से नई रणनीति बनानी होगी वहीं समाज विज्ञानियों और समाज विज्ञान के अध्येताओं को समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता के कारणों को खोजना होगा। हालांकि आज आर्थिक युग आ गया है। प्रतिस्पर्धा और आपाधापी के दौर में संबंधों की डोर कमजोर होती जा रही है। परिवार के कमजोर व्यक्ति को सहारा देना बीते जमाने की बात होती जा रही है तो बुजुर्गों से तालमेल बैठाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इसमें भी कोई दोराय नहीं कि बुजुर्गों के साथ ज्यादती या अन्याय या असहिष्णुता घर और बाहर दोनों जगह देखने को मिल रही है। आम बुजुर्ग की चाहत ही कितनी है, दो जून की सम्मान की रोटी, सद्व्यवहार और प्रेम के दो बोल। पर समस्या इसको लेकर होने के साथ ही कुछ नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं। देखा जाय तो आज बुजुर्गों के जो मामले सामने आ रहे हैं उनमें प्रापर्टी विवाद, किरायेदारों से मकान खाली कराने, सरकार या परिजनों से गुजारा भत्ता, पेंशन के विवादित प्रकरण या फिर पारिवारिक हिंसा के कुछ मामले हो सकते हैं तो कुछ हद तक बदलते हालातों में संतान द्वारा तंग या परेशान करने के मामले भी सामने आ रहे हैं।

**एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मॉनेटरिंग होती है।**

बुजुर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बालों की इन तरीकों से करें देखभाल, ऐसे नहीं होगा हेयर डैमेज

हमारी खूबसूरती को बढ़ाने में सबसे अहम भूमिका बालों की होती है। लेकिन कई बार जाने-अनजाने में हम बालों को नुकसान पहुंचा देते हैं। बाल स्ट्रेटनिंग से जुड़ी कई ऐसे महत्वपूर्ण बातें होती हैं, जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में बाद में सिर्फ पछतावा रह जाता है। हमारी खूबसूरती को बढ़ाने में सबसे अहम भूमिका बालों की होती है। लेकिन कई बार जाने-अनजाने में हम बालों को नुकसान पहुंचा देते हैं। कॉलेज जाना हो या ऑफिस हम सभी स्टाइलिश दिखने के लिए बालों को स्ट्रेट करते हैं। बहुत से लोगों के लिए बालों को स्ट्रेट करना आम बात होती है। लेकिन बता दें कि बाल स्ट्रेटनिंग से जुड़ी कई ऐसे महत्वपूर्ण बातें होती हैं, जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में बाद में सिर्फ पछतावा रह जाता है। इसलिए बालों को स्ट्रेट करने से पहले हमें कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे बालों को नुकसान नहीं पहुंचेगा। बालों को मजबूती देने के लिए तेल सबसे ज्यादा जरूरी होता है। तेल हमारे बालों को नरिश करने के साथ ही जड़ों को भी मजबूत बनाने के काम करता है। आप चाहें तो हेयर स्ट्रेटनिंग से पहले बालों में थोड़ी सी ऑयलिंग कर सकती हैं। इससे आपके बाल एक्स्ट्रा हीट से बचे रहेंगे और उन्हें नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। बालों पर ज्यादा तेल लगाने से यह चिपचिपे हो जाते हैं लेकिन अगर सही मात्रा में आप बालों में तेल लगाती हैं, तो यह बालों को शाइन देने का काम करता है, साथ ही बालों की खूबसूरती को बढ़ाता है।



### सीरम करें अप्लाई

जब भी हम अपने बालों को स्ट्रेट करें या कर्ल करते हैं, तो यह जरूर चाहते हैं कि बाल जले या अजीब से नजर न आएं। इसके लिए सबसे बढ़िया ऑप्शन सीरम होता है। आपके बालों को सिल्की और स्मूथ बनाने के लिए मार्केट में कई तरह के सीरम उपलब्ध होते हैं। हल्के गीले बालों पर सीरम अप्लाई करने से यह पूरा दिन सेट रहते हैं। बता दें कि सीरम फ्रिजी बालों को भी सेट रखता है और इससे बाल भी कम डैमेज होते हैं।

### हेयर प्रोटेक्टर है अच्छा ऑप्शन

ब्यूटी और फैशन इंडस्ट्री में सीरम की तरह कई सारे प्रोडक्ट्स आ गए हैं। जो आपके बालों की अच्छे से देखभाल करते हैं। उन्हीं में से एक प्रोडक्ट हेयर प्रोटेक्टर है। तेल या फिर स्प्रे और क्रीमी स्ट्रक्चर में यह मिलता है। एक तरह से यह आपके बालों के लिए कवच की तरह काम करता है।

### कंडीशनर का इस्तेमाल

अक्सर शैंपू के बाद हम सभी के बाल उलझे-उलझे नजर आते हैं और सूखने के बाद यह फ्रिजी हो जाते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप शैंपू करने के बाद बालों में कंडीशनर जरूर अप्लाई करें। कंडीशनर आपके बालों को प्रोटेक्टिंग लेयर ढकने का काम करता है, इससे आपके बाल स्मूथ हो जाते हैं। वहीं जब आप बालों को स्ट्रेट करते हैं, तो कंडीशनर आपके बालों को डैमेज होने से बचाता है। बता दें कि कंडीशनर आपके बालों को लंबे समय के लिए अच्छा बनाए रखता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# काले होंठों को गुलाबी करने के लिए लगायें ये तेल

अरंडी के तेल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। औषधीय गुणों वाले अरंडी के तेल को रोजाना होंठों पर अप्लाई करने से यह नैचुरली पिंक होते हैं। हम आपको होंठों पर अरंडी का तेल लगाने के फायदे और अप्लाई करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।



आपने अक्सर लोगों को अपने बालों और स्किन पर अरंडी का तेल अप्लाई करते देखा होगा। कुछ लोग इसका सेवन करते हैं। क्योंकि इससे कई सेहत संबंधी फायदे मिलते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर अरंडी पोषक तत्वों के साथ कई गुणों से भूरपूर होता है। इसमें ओमेगा-6 और 9 जैसे हेल्दी फैट्स मौजूद होते हैं। इसमें विटामिन ई की भी अच्छी मात्रा पाई जाती है। अरंडी एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के तौर पर काम करता है।

इसके अलावा अरंडी के तेल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। अरंडी के तेल का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और पेट भी स्वस्थ रहता है। अरंडी का तेल रोजाना अपने चेहरे पर अप्लाई करने से एलर्जी, कील-मुंहासे और दाग-धब्बे आदि की समस्या से निजात मिलती है। ऐसे में अगर आप रोजाना अपने होंठों पर अरंडी का तेल अप्लाई करती हैं। तो होंठ कोमल और गुलाबी बनते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होंठों पर अरंडी का तेल लगाने के फायदे और अप्लाई करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### होंठों पर ऐसे लगाएं अरंडी का तेल

होंठों पर अरंडी का तेल अप्लाई करने से पिगमेंटेशन की समस्या दूर होती है।
इससे होंठों की डेड स्किन साफ होती है।
होंठों पर अरंडी का तेल लगाने से ड्राईनेस दूर होती है।
इसको अप्लाई करने से होंठ नैचुरली पिंक होते हैं। साथ ही होंठ हाइड्रेट भी होते हैं।
कटे-फटे होंठों से छुटकारा मिलता है।
इस तेल को लगाने से काले-चपटे होंठों की समस्या भी दूर होती है।
अरंडी के तेल को रोजाना अप्लाई करने से होंठ नैचुरली पिंक होने लगते हैं।

### ऐसे लगाएं कैस्टर ऑयल

होंठों को स्वस्थ और नैचुरली गुलाबी रखने के लिए आप अरंडी के तेल को सीधे तौर पर भी अप्लाई कर सकती हैं। इसके लिए आप अरंडी के तेल की 1-2 बूंद ले लें। फिर होंठों पर 1-2 मिनट तक मसाज करें। फिर इसे ऐसे ही छोड़ दें। आप रोजाना बाहर जाने से पहले और रात में सोने से पहले इस तेल को अप्लाई कर सकती हैं। आप चाहें तो अरंडी के तेल से बने लिप बाम मार्केट से भी खरीद सकते हैं। या इसे घर पर भी बनाकर तैयार कर सकते हैं। अरंडी के तेल से लिप बाम बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के पहले एक पैन में शिया बटर का एक छोटा टुकड़ा डालना है। अब इसे गर्म करके पिघला लें। फिर गैस बंद कर दें और उसमें 1-1 चम्मच अरंडी का तेल, कोई एक अन्य तेल और शहद डालकर मिक्स कर लें। इस आसान तरीके से आपका लिप बाम तैयार है। इसे रोजाना होंठों पर लगाने से होंठ नैचुरली गुलाबी हो जाएंगे।

# आपकी स्किन को ब्यूटीफुल बनायेगा धनिया, ऐसे करें इस्तेमाल

धनिए के तेल की मदद से स्किन के हाइड्रेशन का ख्याल रखा जा सकता है। इसके लिए आप धनिये की पत्तियों को धोकर सुखा लें। अब इसके पत्तों को एक साफ व सूखे कांच के जार में रखें। अब इन पत्तियों में नारियल तेल या जैतून का तेल डाल दें। धनिया एक ऐसा हर्ब है, जिसे हम सभी अपनी किसी ना किसी रूप में अपनी किचन में इस्तेमाल करते हैं। अक्सर अपनी सब्जी से लेकर परांठों तक में इसका इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि धनिया आपकी स्किन का भी उतना ही बेहतर तरीके से ख्याल रखता है। जब आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं तो इससे आपकी ग्लोइंग और स्पॉट लेस स्किन मिलती है। आप इसे एक नहीं, बल्कि कई अलग-अलग तरीकों से काम में ला सकते हैं।



**धनिए से बनाएं फेस मास्क :** अपनी स्किन की केयर करने के लिए आप धनिए की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। इसके लिए, आप मुट्ठी भर ताजा धनिया लेकर उसकी पत्तियों को पीस लें। अब इसमें पेस्ट में एक चम्मच दही या एलोवेरा जेल डालकर मिक्स करें। अब अपने चेहरे को क्लीन करें और फिर इस तैयार पेस्ट को अपने चेहरे व गर्दन पर लगाएं। इसे करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। अंत में, गुनगुने पानी से धो लें और फिर साफ तौलिये से चेहरा थपथपाकर मॉइश्चराइजर लगा लें।

**धनिए के तेल का करें इस्तेमाल :** धनिए के तेल की मदद से स्किन के हाइड्रेशन का ख्याल रखा जा सकता है। इसके लिए आप धनिये की पत्तियों को धोकर सुखा लें। अब इसके पत्तों को एक साफ व सूखे कांच के जार में रखें। अब इन पत्तियों में नारियल तेल या जैतून का तेल डाल दें। जार को बंद करें और इसे 2-3 सप्ताह के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, तेल को छान लें। अब इस तेल को थोड़ी मात्रा में अपनी स्किन पर लगाएं और धीरे से मालिश करें।

**धनिए से लें स्टीम :** अपनी स्किन की गहराई से केयर करने के लिए धनिए से स्टीम ली जा सकती है। इसके लिए एक बर्तन में पानी उबालें और उसमें एक मुट्ठी ताजा हरा धनिया डालें। अब बर्तन को आंच से हटा लें और अपना चेहरा बर्तन के ऊपर रखें। आप अपने सिर को तौलिये से ढक लें। भाप लेने के बाद, अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें और मॉइश्चराइजर लगा लें।

❖ मिताली जैन

# वर्किंग वूमेन दमकती त्वचा के लिए अपनायें ये ब्यूटी टिप्स...

वर्किंग वूमेन के लिए अपनी स्किन का ख्याल रखना सबसे मुश्किल काम होता है। क्योंकि उनके पास समय की काफी ज्यादा कमी होती है। ऐसे में आप कम समय में इन ब्यूटी टिप्स को अपनाकर अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं।

वर्किंग वूमेन के लिए सबसे मुश्किल काम होता है कि अपनी स्किन का ख्याल रखना। क्योंकि उनके पास समय कि कमी होती है। ऐसे में अक्सर वर्किंग वूमेन मेकअप से अपनी स्किन को छुपा लेती हैं। लेकिन उससे भी कोई खास फायदा नहीं होता है। बल्कि इससे उनकी स्किन टोन और ज्यादा डल होने लगती है। अगर आप भी यही गलती करती हैं तो रुक जाएं। वरना आपको कई स्किन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में इससे छुटकारा पाने के लिए आपको इन ब्यूटी टिप्स को फॉलो करना चाहिए।

### डीप क्लींजिंग

अगर आपके पास समय की कमी है तो आप सप्ताह में एक बार या दो बार डीप क्लीन करवा सकती हैं। इसके लिए आप होममेड स्क्रब का भी उपयोग कर सकती हैं। वहीं महीने में एक बार पेशियल जरूर करवाएं। इससे आपकी स्किन रिलैक्स होने के साथ ही चेहरे के पोर्स को भी साफ रखने में सहायता मिलेगी। इस टिप्स को फॉलो करने से पिंपल्स जैसी समस्याएं कम होंगी।



### फेस मास्क शीट

वर्किंग वूमेन के पास पार्लर जाने का समय नहीं होता है। जिससे कि वह अपना स्किन ट्रीटमेंट करवा सकें। ऐसे में आपको घर पर ही चेहरे पर फेस मास्क शीट को लगाना है। इससे आपकी त्वचा नरिश होगी। फेस मास्क शीट को अपने चेहरे पर कम से कम 10 मिनट तक अप्लाई करें। इसे आप अपनी डेली रूटीन में भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट होने के साथ ही ग्लोइंग नजर आएगी।

### फेशियल स्प्रे

मार्केट में आपको कई तरह के स्किन स्प्रे मिल जाएंगे। जिनको आप अपने फेस पर इस्तेमाल कर सकती हैं। यह आपके फेस को माइश्चराइज करने के साथ ही हाइड्रेट भी करते हैं। आप दिन में 3-4 बार इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। आप चाहें तो होममेड तरीके से भी फेशियल स्प्रे बनाकर तैयार कर सकती हैं।

### लिप बाम

अपनी त्वचा के साथ ही साथ होंठों को भी हाइड्रेट रखना जरूरी होता है। वरना रूखे होठ आपका पूरा लुक बर्बाद कर सकते हैं। ऐसे में आपको हर थोड़े समय के बाद लिप बाम का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे आपके होंठ मुलायम बने रहेंगे। आप चाहें तो घर पर भी लिप बाम बनाकर तैयार कर सकती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6799

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6798 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**22 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.18 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कन्या | 07.34 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 09.45 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 12.00 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 14.16 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | मकर | 16.21 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 18.07 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 19.40 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 21.11 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | वृष | 22.51 बजे से |
| | | मिथुन | 00.49 बजे से |
| | | कर्क | 03.02 बजे से |

मंगलवार 2023 वर्ष का 234 वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945
मास श्रावण पक्ष शुक्ल
तिथि षष्ठी 03.07 बजे रात्र को समाप्त।
नक्षत्र चित्रा 06.32 बजे को समाप्त।
योग शुक्ल(शुक्र) 22.18 बजे को समाप्त। करण कौलव 14.38 बजे तदनन्तर तैतिल 03.07 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 05.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 11° 56'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871713
जूलियन दिन 2460178.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना सफर तारीख 05
विशेष स्कंद षष्ठी, कल्कि जयंती, मंगला गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7861



**बाएँ से दाएँ**

1. रमण योग्य-4
4. साल,वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय,वोट-2
9. तकरार,कहासुनी-4
11. अंधकार,अंधेरा-3
12. सरल,आसान-3
13. चील,ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली,क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य,काज-2
23. बाण,तीर-2
24. दबाना,कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. परंपरा,रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा,विश्वास-3
4. दीदी,भगिनी-3
5. समान,एक जैसा-2
8. अंधेरा,अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब,जलाशय-4
15. तमीज,शिष्टता-3
16. मछली,एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन,विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा,अभिमान-2
23. पार्थिव देह,लाश-2

**शब्द पहेली -7860 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गी | ला | | गा | य | क | | दी | प |
| ति | | बा | ल | | चा | बी | | व |
| का | ज | ल | | भा | | ना | खू | न |
| | ल | | बा | व | न | | न | |
| स | म | त | ल | | ख | ट | ख | ट |
| | ह | | क | रा | रा | | रा | |
| प | ल | क | | वी | | शा | बा | श |
| र | | ला | ल | | आ | प | | ह |
| ख | त | | ता | जु | ब | | ती | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृष राशि** : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन राशि** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्ध का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क राशि** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि** : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या राशि** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला राशि** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक राशि** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**धनु राशि** : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**मकर राशि** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**कुंभ राशि** : किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन राशि** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



### पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के रोजगार मेले को किया संबोधित, बोले

# मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर हुए विशेष प्रयास



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 500 से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। पिछले तीन वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री जनजातीय कार्य विभाग मीना सिंह एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नव नियुक्त शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी योगदान है। इसमें पारम्परिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टेक्नालॉजी को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर विशेष प्रयास हुए हैं। सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी न जानने वाले छात्रों के लिए उनकी मातृ भाषा में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं। आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे-भांजियाँ हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरू का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरू का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरू वह कुम्हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे। जैसा आप बच्चों को गढ़ना चाहेंगे गढ़ देंगे। आप पर ही आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षक लगातार बेहतर करने और अपने कार्य में नवाचार का निरंतर प्रयास करें। सदा प्रसन्न रहें, तनाव रहित रहें, प्रातः काल योग,व्यायाम, ध्यान को दिनचर्या का अंग बनाएं। इससे कार्यक्षमता बढ़ेगी और आप अपने पारिवारिक और शासकीय कार्यों में संतुलन बनाते हुए बेहतर परिणाम देंगे तथा आपका जीवन भी अधिक आनंदमय बनेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आदिपुरूष शंकराचार्य जी ने कहा था जो मुक्ति दिलाए, वही शिक्षा है। मुक्ति का अर्थ है जो इस लोक में हमें रहने के लायक बना दे अर्थात हमें ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार दे, वही शिक्षा है। मेरी प्रेरणा स्वामी विवेकानंद रहे हैं। वे कहते थे शिक्षा वह है जो मुनष्य को मनुष्य बना दे। मनुष्य का अर्थ है चरित्रवान, ईमानदार, शालीन, कर्मठ, देशभक्त और परोपकारी तथा जो दुनिया को बेहतर बनाए, वही मनुष्य है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से श्रीमद भगवद गीता में उल्लेखित सात्विक कार्यकर्ता के गुणों के अनुरूप अपना व्यक्तित्व विकसित करने का आहवान किया।

मंत्री जनजातीय कार्य विभाग मीना सिंह ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि समाज, देश और प्रदेश के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए नवनियुक्त शिक्षक पूरी मेहनत और सम्पर्ण से कार्य करेंगे, यही अपेक्षा है।

कार्यक्रम में प्रत्येक संभाग के एक जिले के एक-एक प्रतिभागी को मुख्यमंत्री चौहान द्वारा बधाई पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया तथा प्रज्जवलित कर और कन्या-पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हम शिक्षक हैं- हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ली राज्यसभा सांसद की शपथ



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद भवन में राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। जिन सांसदों को सोमवार को शपथ दिलाई गई, उनमें देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल हैं। सोमवार को संसद में डॉ. एस जयशंकर, केसरी देवसिंह दिग्विजय सिंह झाला, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई, डोला सेन, नागेंद्र रे, प्रकाश चिक बड़ाईक, समीरुल इस्लाम, सुखेंदु शेखर रे और डेरेक ओ ब्रायन को शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि बतौर राज्यसभा सांसद विदेश मंत्री एस जयशंकर कार्यकाल 18 अगस्त को समाप्त हो गया था। उनके अलावा तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन, शुभेंदु शेखर रे और डोला सेन का कार्यकाल भी 18 अगस्त को समाप्त हो गया था। हालांकि, कार्यकाल समाप्त होने के महज तीन दिन बाद विदेश मंत्री समेत चारों नेता फिर से राज्यसभा सांसद हो गए हैं। दरअसल, एस जयशंकर को गुजरात और शेष तीन तृणमूल नेताओं को पश्चिम बंगाल से फिर से राज्यसभा सांसद चुना गया है। राज्यसभा के नवनिर्वाचित व पुनर्निर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। संसद के ऊपरी सदन यानी राज्यसभा में 9 सांसदों का कार्यकाल समाप्त हुआ है। हाल ही में संपन्न हुए मानसून सत्र के अंतिम दिन इन सभी नौ सांसदों को राज्यसभा ने विदाई दी। जिन सांसदों का कार्यकाल समाप्त हुआ है, उनमें विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ः सुरक्षा बलों से मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के ओरछा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भटबेड़ा गांव में जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। उन्होंने बताया कि माओवादियों की पलटन संख्या 16 के प्रभारी मलेश, कमांडर विमला, कमांडर दीपक और अन्य नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर नारायणपुर डीआरजी और बस्तर फाइटर के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### स्वास्थ्य मंत्री ने की ऑस्ट्रेलिया के मार्क बटलर से मुलाकात

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट करके जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ऑस्ट्रेलिया के सांसद, स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल मंत्री मार्क बटलर के साथ अद्भुत मुलाकात रही। इस बैठक में दोनों देशों के बीच डिजिटल स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण और जेनेरिक दवाओं के विनिर्माण एवं आपूर्ति में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## ईडी ने कोलकाता में चिटफंड समूह के निदेशक को किया गिरफ्तार



**एजेंसी। कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को चिटफंड इकाई यूआरओ ग्रुप के मालिक-निदेशक विश्वप्रिय गिरी को बहु-स्तरीय विपणन योजनाओं में निवेशकों से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करके मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया। यह पहली बार नहीं है कि गिरि को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले फरवरी 2015 में, पश्चिम बंगाल में चिट फंड बुलबुला फूटने के तुरंत बाद, उन्हें उसी सिलसिले में बिधाननगर सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ईडी के अधिकारियों ने उन्हें रविवार दोपहर कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में केंद्रीय एजेंसी के साल्ट लेक कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए समन जारी किया था। सूत्रों ने बताया कि घंटों तक मैराथन पूछताछ के बाद आखिरकार उसे सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी के अधिकारी उसे सोमवार को ही कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत में पेश करेंगे और केंद्रीय एजेंसी के वकील आगे की पूछताछ के लिए उसकी हिरासत की मांग करेंगे।

## पुलवामा : मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**पुलवामा।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के लैरो-परिगाम इलाके में सोमवार सुबह मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यहां अभी अन्य आतंकवादियों के छुपे होने की आशंका है। सुरक्षाबलों का आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है। सुरक्षाबलों को रविवार रात यहां आतंकवादियों के छुपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने रात को क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाबल देररात आतंकवादियों के करीब पहुंच गए। इससे बौखलाए दहशतगर्दों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने तत्काल मोर्चा संभाला। अंततः सुबह दो दहशतगर्द ढेर हो गए।

### लोस अध्यक्ष ने किया राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का उद्घाटन, बोले

# जनप्रतिनिधि संसदीय परंपराओं की समृद्धि का करें प्रयास



**एजेंसी। उदयपुर**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विधानमंडल चाहे वह संसद हो या राज्य विधान सभाएं और विधान परिषदें, यह सभी सदन 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए जन प्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे विधायिका में लोगों के विश्वास को बनाए रखें। बिरला ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि विधानमंडल लोगों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि विधायकों को लोकतंत्र को मजबूत करने और संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने के प्रयास करने चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष बिरला सोमवार को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन के उद्घाटन के बाद उपस्थित पीठासीन अधिकारियों और विधायकों को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने सुशासन में विधानमंडलों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा कि विधायी कामकाज में जन-केंद्रित शासन पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को अनुकरणीय आचरण और शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए ताकि सदन की प्रतिष्ठा और गरिमा बढ़े तथा विधायी संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों पर लोगों का विश्वास और अधिक गहरा और मजबूत हो। बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि जनता की विधायकों से यह आशा होती है कि वे जनकल्याणकारी नीतियों को तैयार करने में कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए विधान सभाओं में सार्थक चर्चा करेंगे और यह तभी हो सकता है जब जनप्रतिनिधि उच्च मानकों के अनुसार आचरण और कार्य करें तथा सदन और सार्वजनिक जीवन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करें। इस संदर्भ में बिरला ने पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता और तटस्थता पर जोर देते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारियों की यह विशेष जिम्मेदारी है कि वे अपने पद की गरिमा के अनुसार आचरण करें और सुनिश्चित करें कि सदन का संचालन निष्पक्ष रूप से हो।

# ब्रिक्स विस्तार पर खुले मन से विचार करेगा भारत : विदेश सचिव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को कहा कि दुनिया की पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह ब्रिक्स के विस्तार को लेकर भारत सकारात्मक और खुले मन से विचार करेगा। वर्तमान में विस्तार की रूपरेखा, स्वरूप और उद्देश्य को लेकर ब्रिक्स में चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि कई देश ब्रिक्स विस्तार का हिस्सा बनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय (22-24 अगस्त) यात्रा पर जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) जायेंगे। 2019 के बाद पहला मौका होगा, जब ब्रिक्स नेता व्यक्तिगत तौर पर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद 25 अगस्त को प्रधानमंत्री ग्रीस का आधिकारिक दौरा करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज एक विशेष पत्रकार वार्ता में यात्रा के स्वरूप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन ब्रिक्स की ओर से शुरू की गई पहलों की प्रगति की समीक्षा और भविष्य की गतिविधियों के लिए नए क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर प्रदान करेगी। ब्रिक्स गठबंधन आपसी सहयोग पर आधारित है। इसमें आर्थिक सहयोग सम्मिलित है। आर्थिक सहयोग का स्वरूप विशेषज्ञों का विषय है और वे इस पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स में भारत के अलावा चीन, दक्षिण अफ्रीका, रूस और ब्राजील हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक में शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे और उनके स्थान पर विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शिरकत करेंगे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठकों के विषय पर क्वात्रा ने कहा कि सम्मेलन में कई नेता आमंत्रित हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री के द्विपक्षीय मुलाकातों को लेकर अभी भी चचाएं जारी हैं। जैसे ही इस बारे में अपडेट मिलता है, वह मीडिया को जानकारी देंगे। ब्रिक्स देशों के लिए एक मुद्रा में व्यापार के विषय पर क्वात्रा ने कहा कि वर्तमान में देशों की अपनी मुद्रा में व्यापार करने पर ही विचार चल रहा है। प्रधानमंत्री ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद आयोजित होने वाले एक विशेष कार्यक्रम ब्रिक्स - अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग में भी भाग लेंगे।

## FILMY हलचल

### सामने आएगा राखी का असली चेहरा, जेल से बाहर आए आदिल ने दी चेतावनी



**एंटरटेनमेंट** क्वीन राखी सावंत इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। शादी, तलाक और फिर तकरार के इस चक्र में वह हमेशा फंसी रहती है। साल की शुरूआत में राखी सावंत ने आदिल खान के साथ शादी करके सभी को चौंका दिया। हालाँकि, कुछ ही महीनों में राखी सावंत फिर से सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने पति पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया। आदिल खान का हाथ पकड़ कर घूमने वाली राखी सावंत ने कुछ ही महीनों में अपने पति को जेल भिजवा दिया। हालांकि, अब करीब 6 महीने बाद जेल से बाहर आए आदिल खान ने राखी सावंत पर निशाना साधा है। आदिल खान ने पैपराजी के सामने अपना दुख जाहिर किया है। इस दौरान उन्होंने धमकी भी दी है कि वह जल्द ही राखी सावंत को बेनकाब कर देंगे। आदिल खान का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हाल ही में मुंबई में स्पॉट हुए आदिल खान से जब राखी सावंत के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मेरे साथ सब कुछ गलत हुआ है।

### मुंबई में सनी देओल के बंगले की नीलामी रद्द



**अभिनेता** सनी देओल के बंगले की नीलामी को लेकर नई जानकारी सामने आई है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने ई-नीलामी नोटिस वापस ले लिया है। तकनीकी कारणों से यह नोटिस वापस ले लिया गया है। ऐसे में अभिनेता सनी देओल के बंगले की नीलामी रद्द कर दी गई है। सनी देओल ने 56 करोड़ का लोन लिया था, जिसे नहीं चुकाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने जुहू स्थित सनी देओल के बंगले की नीलामी के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया। विज्ञापन के मुताबिक, नीलामी 25 सितंबर को होनी थी। सनी देओल ने बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन लिया था। इसके लिए जुहू में सनी विला नाम का बंगला गिरवी रखा गया था। सनी देओल ने ये लोन नहीं चुकाया तो 56 करोड़ की रकम डिफॉल्ट कर दी है।

### खेसारीलाल का नया गाना 'जोड़ी बना दीं मजनू-लैला के' रिलीज



**भोजपुरी** हिट मशीन खेसारीलाल यादव का सावन के अंतिम दिनों में एक और धमाकेदार गाना रिलीज हो गया है। इस गाने में खेसारीलाल यादव भोले बाबा से कहते नजर आ रहे हैं कि "जोड़ी बना दीं मजनू लैला के।" गाने में भक्ति और रोमांस का संगम नजर आ रहा है। गाने में म्यूजिक वीडियो में खेसारीलाल यादव भगवान शिव के दरबार में पूजा करते नजर आ रहे हैं, इस गाने को सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। अब यह तेजी से वायरल हो रहा है। गाना 'जोड़ी बना दीं मजनू लैला के' को कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज मिले हैं। इस गाने को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह गाना बेहद मजेदार है। सभी लोग इस गाने को देखें और सुनें। आपको यह जरूर पसंद आएगा। गाने में संगीत सुरीले हैं। मुझे यह गाना करने में बेहद मजा आया। उन्होंने कहा कि सावन की आज सोमवारी पर हमने इस गाने को रिलीज किया है। अब सावन का महीना अपने अंतिम पड़ाव में है। ऐसे में यह गाना इस साल के सावन में लोगों के लिए यादगार रहेगा। आपको बताया दें कि गाना "जोड़ी बना दी मजनू लैला के" को खेसारीलाल यादव ने भोजपुरी म्यूजिक की प्रतिभाशाली सिंगर शिल्पीराज के साथ मिलकर गाया है। गाने के म्यूजिक वीडियो में खेसारीलाल यादव के साथ निशा पांडेय नजर आ रही हैं। गीतकार भागीरथ पाठक हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं।

### कार्यक्रम | राष्ट्रपति मुर्मू ने सेना पत्नी कल्याण संघ के 'अस्मिता' उत्सव की शोभा बढ़ाई

# सैनिकों की पत्नियों की प्रेरक कहानियों को साझा किया

### एडब्ल्यूडब्ल्यूए बिरादरी के विभिन्न वर्गों ने भी मंच पर प्रेरक कहानियां बयां कीं



**नई दिल्ली।**

आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष अर्चना पांडे की मेजबानी में सोमवार को राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में 'अस्मिता-आर्मी वाइव्स की प्रेरक कहानियां' के दूसरे सत्र का आयोजन किया गया। इस मंच के जरिये सैनिकों की पत्नियों की उन प्रेरक कहानियों को साझा किया गया, जिन्होंने कई चुनौतियों के बावजूद अपनी दृढ़ता से विभिन्न क्षेत्रों में अपने लिए एक जगह बनाई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य अतिथि के रूप में उत्सव की शोभा बढ़ाई। एडब्ल्यूडब्ल्यूए संस्था सेना कर्मियों के जीवनसाथी, बच्चों और आश्रितों के कल्याण के लिए काम करती है। आधिकारिक तौर पर 23 अगस्त, 1966 को अस्तित्व में आने के बाद से इस एसोसिएशन का दायरा साल-दर-साल बढ़ा है और आज यह देश के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठनों में से एक है। 'अस्मिता' साहसी सैन्य पत्नियों और उपलब्धि हासिल करने वालों के लिए ऐसा मंच है, जिन्होंने अपने वृत्तांतों को बताने और अपने जैसे अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए कई बाधाओं को तोड़ दिया है। यह उन बहादुर महिलाओं के संघर्ष को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भयावह बाधाओं का सामना किया लेकिन फिर भी डटी रहीं।

'अस्मिता' के इस दूसरे सत्र में झारखंड में विज्ञान शिक्षक जया प्रभा महतो, लेखिका और सोशल एक्टिविस्ट डॉ. संजना नायर, कैंसर केयर और पैलिएटिव केयर काउंसलर वंदना महाजन, लेखिका और स्तंभकार अंबरीन जैदी, कारगिल युद्ध के अनुभवी कैप्टन याशिका एच त्यागी (सेवानिवृत्त), स्थायी टैटू और मेकअप कलाकार सुश्री फ्लोरेंस हनामटे, राष्ट्रीय रोइंग पदक विजेता सुश्री सरगम शुक्ला, उद्यमी और सामग्री निमार्ता सुश्री आशना कुशवाह और वीर नारी लेफ्टिनेंट ज्योति की बातचीत शामिल थी। इसके अलावा पर्वतारोही सुश्री अरुणिमा सिन्हा और शास्त्रीय नृत्यांगना सुश्री आनंद शंकर जयंत ने भी दर्शकों को संबोधित किया। एक प्रदर्शनी में सेना की पत्नियों के असाधारण उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन किया गया।

'अस्मिता' का पहला सत्र पिछले साल 14 अक्टूबर को आयोजित किया गया था, जिसमें वीर नारियों, सेना कर्मियों के जीवनसाथी, कलाकारों, डॉक्टरों, लेखकों, कैंसर विजेता और दिग्गजों सहित एडब्ल्यूडब्ल्यूए बिरादरी के विभिन्न वर्गों ने अपनी-अपनी प्रेरक कहानियां मंच पर रखीं। इसके बाद इस साल 11 फरवरी को कोलकाता में 'अस्मिता पुरबा' का आयोजन हुआ। इन दोनों कार्यक्रमों की कामयाबी ने कई सेना पत्नियों को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की और 'अस्मिता सत्र 2' का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया।

## रक्षाबंधन पर अमेजन फैशन ने तैयार किया राखी स्टोर

**रांची।** अमेजन फैशन भी भाई-बहन के बंधन को व्यक्त करने वाले उपहारों के ढेर सारे विकल्पों के साथ पूरी तरह से तैयार है। रक्षाबंधन के मौके पर अमेजन फैशन द्वारा खासतौर पर राखी स्टोर तैयार किया गया है। अमेजन डॉ. इन पर राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोशर चॉकलेट्स में फैशनेबल और खूबसूरती से भरपूर उपहारों का एक विशाल कलेक्शन उपलब्ध है। आप इस स्टोर से अपने भाई-बहनों का 'हर पल फैशनेबल' बनाने के लिए मनचाहे प्रोडक्ट खरीद सकते हैं। यहां टॉप फैशन एवं ब्यूटी ब्रांड गीवा, अखिलम, वेरो मोडा, जनसाया, फास्टट्रैक, किमिरिका, प्लम, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, डेनियल वेलिंगटन, लवी, वस्त्रमय, बीबा, विक्टोरिया सीक्रेट, एलन सोली, कामा आयुर्वेद की ओर से राखी, कपड़े, स्किन केयर, ब्यूटी, फुटवियर, लगेज, वॉचेज, ज्वैलरी, हैंडबैग आदि के विशाल संग्रह में से अपने मनचाहे प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोचर चॉकलेट्स पर आप राखी और फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट पर अपने पसंदीदा ब्रांडों की ओर 50 - 80% तक की छूट पा सकते हैं। इस शानदार आफर्स के साथ इस विशाल संग्रह में से अपने लिए सही गिफ्ट खरीदना चाहते हैं तो इसके लिए अमेजन के राखी स्टोर पावर्ड बाय फेरेरो रोशर चॉकलेट पर जाएं।

## लायंस क्लब ने शिविर लगाकर कांवरियों का किया सेवा




रांची। सोमवार को लायंस क्लब का रांची के द्वारा कांवरिया सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें पहाड़ी मंदिर के सामने शिविर लगाकर कांवरियों के बीच शर्बत एवं चना का वितरण किया गया। कार्यक्रम चेयरपर्सन लायन धीरज ग्रोवर और वाइस प्रेसिडेंट लायन मंजुला जायसवाल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायन अध्यक्ष परविंदर वीर सिंह, लायन सचिव लाइन पूनम निगम सहाय, लायन मंजू कुमार, लायन सिमलजीत कौर, लायन बी.के गडयांन लायन लेडी सोना गदयण, लायन अजय अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल एवं प्रेरणा महिला सेवा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## श्री राणी सती मंडल का 42वां वार्षिक महोत्सव 3 सितंबर को

**रांची।** नगर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री राणी सती मंडल रांची का 42 वां वार्षिक महोत्सव 3 सितंबर रविवार को प्रातः 6.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में बड़े ही धूमधाम से मनाने जा रहा है। अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक कमिटी का गठन किया गया है जिसके संयोजक निर्मल बुधिया को बनाया गया है। सचिव अरविंद मंगल ने बताया कि महोत्सव में कोलकाता की निशा सोनी मंगल पाठ प्रस्तुत करेंगी। उपाध्यक्ष राजेन्द्र केडिया ने बताया कि महोत्सव में देश भर में ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध भजन गायक मोनू मोर भी अपने भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव संयोजक निर्मल बुधिया ने बताया कि महोत्सव स्थल पर लगभग 15000 स्क्वायर फीट का वाटर प्रूफ पंडाल बनाया जा रहा है जिससे श्रद्धालू भक्तों को बरसात से कोई परेशानी नहीं हो। कोषाध्यक्ष राजेश पोद्दार ने बताया कि महोत्सव में दादी भक्तों का तन - मन - धन से भरपूर सहयोग मिल रहा है। निर्मल बुधिया ने बताया कि रात्रि में 9 बजे महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा। मंडल के पदाधिकारियों ने नगर की धार्मिक जनता से अपील की है कि समस्त कार्यक्रम में शामिल हो कर पुण्य के भागी बने। उपरोक्त जानकारी निर्मल बुधिया ने उपलब्ध करायी।

## शोतोकान कराटे में 29 कराटेकारों को मिली प्रोन्नति



**रांची।** इंटरनेशनल शोतोकान कराटे संघ द्वारा धनबाद में आयोजित विशेष ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, प बंगाल, बिहार तथा दिल्ली के ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षकों ने भाग लिया। संघ के मुख्य प्रशिक्षण रंजीत केशरी के देखरेख में संचालित इस कार्यक्रम के दैरान सभी प्रतिभागियों को मुख्य रूप से शोतोकान कराटे के ट्रेडिशनल काता की विशेषताओं से अवगत कराते हुए बुनकाई का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंत में 29 कराटे प्रशिक्षकों ने ब्लैक बेल्ट प्रोन्नति परीक्षा में भाग लिया। संघ के ग्रेडिंग परिषद सदस्य शिहान मनोज शर्मा, शिहान राजेश यादव, सेनसाई सूरज वर्मा तथा सेनसाई सुनील साव के नेतृत्व में हुई ग्रेडिंग परीक्षा में उत्तीर्ण प्रशिक्षकों के नाम तथा श्रेणी इस प्रकार हैः ब्लैक बेल्ट शोदानः इंदु कुमारी तथा सरीब खान (गढ़वा), पूजा कुमारी तथा सुनीता कुमारी (बोकारो), सृजन स्नेह तथा शिवांश कुमार (रांची), ओम प्रकाश यादव (देवघर), समृद्धि कुमारी, सागनिक घोषाल, श्रेयश राज, ऐश्वर्या प्रसाद, राधिका सहाय, अक्षय प्रसाद, सोनम चंद्रवंशी (सभी धनबाद) अवनीश यादव तथा शक्ति मानी शर्मा (गोरखपुर, यू पी). ब्लैक बेल्ट निदानः जुली कुमारी, ममता पांडे तथा सौरभ भारती (सभी धनबाद) रजनी शंकर गुप्ता तथा रतन कुमार (गोरखपुर, यू पी), सिनू सिद्धार्थ (मुंगेर, बिहार). ब्लैक बेल्ट सानदानः श्रीमंता मुखर्जी (कोलकाता), मोहन सोरेन तथा उदय शंकर भारती (दुमका), तथा संदीप पासवान (धनबाद). ब्लैक बेल्ट योनदानः प्रदीप झा (दुमका) तथा वेलेंटाइन डिसूजा (दिल्ली). ब्लैक बेल्ट गोदानः जयराम शर्मा (दुमका). इसके अलावा 4 महिला कराटेकार सागरिका घोषाल, मोतुशी सेन, श्रेया स्वर्णकार तथा प्रगति चौरसिया को ब्राउन बेल्ट के लिए उत्तीर्ण किया गया।

# निगम की ओर से छात्रों के बीच 150 पौधों का किया गया वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम की ओर से सोमवार को कांके रोड स्थित एसएस मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच 150 पौधों का वितरण किया गया। साथ ही विवेकानंद यूथ क्वेक फाऊंडेशन , एसएस मेमोरियल, एनएसएस विभाग और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं उर्जा संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें 200 छात्र- छात्राओं को संस्था की ओर से पर्यावरण संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्या डॉ वंदना राय, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, विवेकानंद यूथक्वेक फाऊंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल और राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भवन नक्शा प्लान पास करने की प्रक्रिया को लेकर कार्यशाला

**रांची।** रांची नगर निगम के द्वारा भवन योजना अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली (बीपीएएमएस) की कार्य प्रवाह प्रक्रिया तैयार हो गई है। सॉफ्ट टेक इंजीनियर्स कंपनी की ओर से सॉफ्टवेयर सिस्टम को तैयार किया गया है। इसके जरिए काम सुगमता से चलता रहे, इसको लेकर सोमवार को निगम सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नगर निवेशक अरुण कुमार और विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को एलटीपीएस की समस्या के निराकरण की बुनियादी जानकारी दी। इससे भवन नक्शा प्लान पास करने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से बनाए रखने में सहयोग मिलेगा। निगम की ओर से सभी एलटीपी से प्री-डीसीआर जांच कर आवश्यक डेटा भरने और अग्रसारित करने को कहा गया, ताकि सॉफ्टवेयर में आगे की कार्रवाई तेजी से हो सके। कार्यशाला में एलटीपी के अलावा नगर निवेशक शाखा के कर्मी समेत अन्य शामिल हुए।

# मेदांता के कार्डियक सर्जन डॉक्टर बालामुरली ने बचाई मरीज की जान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेदांता रांची के कार्डियक सर्जन डॉ. बालामुरली और 10 विशेषज्ञों की टीम के सफल प्रयास से मरीज की जान बच पाई। 55 वर्षीय मरीज को पिछले कुछ वक्त से सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। उन्होंने विभिन्न अस्पतालों के चक्कर लगाए लेकिन कुछ खास नतीजे नहीं आए। डॉक्टरों ने उन्हें विभिन्न तरह की दवाइयां दी, जिनसे उनका दर्द कम हो जाता था, लेकिन वह पूरी तरह से ठीक नहीं हो पा रहे थे। आखिर में वह मेदांता रांची आए, जहां डॉक्टरों ने उनके लक्षणों को देखते हुए पहले एक्स-रे और इको करवाया। इको रिपोर्ट्स में उन्होंने पाया की मरीज के सीने में कैल्सीफाइड और स्टेनोटिक बाईकसपिट आओर्टिक वाल्व है जो की सामान्य लोगो में ट्राइकसपिड होते है। मेदांता रांची के कार्डियक सर्जन डॉ.



बालामुरली ने बताया कि सीने के एक्स-रे में एक फैली हुई आरोही महाधमनी भी दिखाई दी। जांच से पता चला आओर्टा (सबसे बड़ी रक्त वाहिका जो सीधे हृदय से जुड़ी होती है) भी बढ़ी हुई थी जिसे हम मेडिकल की भाषा में एन्युरिज्म कहते है। जिसके बाद 14 अगस्त को मरीज का ऑपरेशन किया गया। उनके वाल्व को बदल दिया गया और उनकी आरोही महाधमनी, जिसमें एन्यूरिज्म था उसे भी बदल दिया गया। इस ऑपरेशन में करीब 6 घंटे का समय लगा, जिसमें विभिन्न विभागों का सहयोग रहा। ऑपरेशन को लीड कर रहे मेदांता रांची के कार्डियक सर्जन डॉक्टर बालामुरली ने बताया कि ऐसी स्थिति में जान को काफी खतरा होता है। लेकिन हर तरह की सावधानी को ध्यान में रख कर इस ऑपरेशन करीब 10 विशेषज्ञों की टीम के सहयोग के साथ इसे सफल बनाया गया, जिसके बाद मरीज को सात दिनों में डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल के डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने बताया कि मेदांता रांची की पहली प्राथमिकता उसके मरीज है। हमारी कोशिश होती है कि मरीज तक हर बेहतर स्वास्थ सेवाएं पहुंचाई जा सके, साथ ही उन्होंने बताया कि मेदांता रांची के कार्डियक विभाग के पास हर जटिल उपचार सेवाएं अनुभवी विशेषज्ञों के द्वारा उपलब्ध है।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर 12 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम छोटन कुमार उर्फ छोटू बताया गया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने सोमवार को बताया कि तस्कर को जब्त गांजा और अन्य सामग्रियों के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद गांजा की कीमत लगभग एक लाख 48 हजार 800 रुपये आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि अभी इसकी जांच हो रही है इसमें और कौन-कौन शामिल हैं उसे भी पकड़ा जायेगा और उनपर भी कार्रवाई की जायेगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

**रांची।** खूंटी व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी नौ सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर सोमवार को डालसा सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, सभी बैंकों के एलडीएम, शाखा प्रबंधक, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी और स्थायी लोक अदालत के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों और न्यायिक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें।

## भाजपा ने विधायकों को चुनाव प्रचार के लिए लगाया

**रांची।** छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते छत्तीसगढ़ में जीत का पताका लहराने को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में झारखंड के भाजपा विधायकों को चुनावी मोर्चे पर लगाया गया है। विधायक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी के तौर पर चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के पक्ष में कैसे माहौल बनाते हुए चुनाव प्रचार अभियान और दूसरे कामों को गति दी जाएगी, इसके लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से सोमवार को रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रवासी विधायक कार्यशाला सह विधायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना (नोटिस)

नाम–(1) काण्ड के प्रा0अभि0– प्राथमिकी अभियुक्त राजु भुईया उर्फ राजु, पे0–छोटेलाल भुईया, सा0–लवाही, थाना–डण्डई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड। भण्डरिया थाना काण्ड सं0–32/2018, दिनांक–30.04.2018, धारा–17 सी0एल0ए0 एक्ट एवं 38/19 यू0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त राजु भुईया उर्फ राजु, पे0–छोटेलाल भुईया, सा0–लवाही, थाना–डण्डई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त है, जो उक्त काण्ड में फिरार है। Court of Sri K. Lohra, J.M. 1st Class, Civil Court, Garhwa से फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि Court of Sri K. Lohra, J.M. 1st Class, Civil Court, Garhwa में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR305142 (Police)23-24*D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## ADVANCE PLANNING DIVISION PALAMU

### E-PROCUREMENT NOTICE

TENDER REF.No-WRD/APD/PALAMU/SBD-01/2023-24 DATE 21.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Restoration & Lining work in Main Canal of Harhi Weir Scheme under Palamu District. |
| 2 | Estimated cost.(Rs in lakh) | 2230.94 |
| 3 | Time of completion | 540 Days (Five Hundred Fourty Days) |
| 4 | Period of availability of Bidding document on website | 24.08.2023 at 10.00 am to 13.09.2023 up to 5.00 pm |
| 5 | Pre Bid conference | 29.08.2023 |
| 6 | Place of opening of Bids | C.E.WRD Medininagar |
| 7 | Period of online submission of Bids | 24.08.2023 at 10.00 am to 13.09.2023 up to 5.00 pm |
| 8 | Last Date of Submission of Hard Copy | 14.09.2023 Upto 5.00 pm |
| 9 | Date and Time of opening of Technical Bids | 15.09.2023 at 3:00pm. |
| 10 | Date and Time of opening of Financial Bids | To be announced later. |
| 11 | Officer Inviting Bids and his Phone No. and E-mail ID | Executive engineer, Advance Planning Diviision,Palamu 9430796580, 9693891358,ceaplanpal-ceadv-jhr@nic.in |
| 12 | Help line Number of e – Procurement cell. | C.E.WRD Medininagar 0651-2491232,06562-240841 |

Note-
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Additional performance security amount shall be applicable as prescribed in CE(Monitoring), Ranchi Letter No. 430 Dated 19-11-2020 and Secretary of RCD Letter No. 2146 (S) Dated 09-09-2020.
3. Payment of Mobilization advance / equipment advance shall be applicable as per Joint Secretary, WRD Ranchi Letter No. 656 Dated 22-12-2020.
4. The bidder should be fully acquainted with site before the tender.
5. Authority reserves the right to reject any or all the tender(s) received or to allot the work to one or more contractor(s) without assigning any reason thereof.
6. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
7. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Advance Plannning Division,Palamu

PR 305132 Planning and Development(23-24).D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (समाज कल्याण शाखा)

### -: अति अल्पकालिन निविदा :-

वित्तीय वर्ष 2023–24 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से चतरा जिला में समाज कल्याण, विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति कराने हेतु निम्न प्रकार से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क0 | सामग्री का नाम | मात्रा | पोशाक की विवरणी | अधिकतम दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गर्म पोशाक (स्वेटर) | 1,04,900 | Sweater Quality :Unisex<br>Colour :Maroon<br>Material :Acrylic-100% (+-2%)<br>Yarn : High bulk Yarn<br>Neck Type : Hoodie<br>Sleeve : Full regular sleeve<br>Weight : 225gm & above<br>Shrinkage or elongation on washing (max) : 4% or Better<br>Colour fastness to Light : 4% or Better<br>Colour fastness to washing : Change in colour or Better, Stain on Adajacent Fabric 3 or Better | प्रति स्वेटर 200.00 रु (GST सहित) से अधिक नहीं होनी चाहिए। |

निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में (तकनीकी एवं वित्तीय अलग–अलग) निविदा जिला समाज कल्याण कार्यालय, चतरा (विकास भवन, चतरा) में दिनांक–04.09.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक जमा करेंगे। दिनांक–04.09.2023 के 03:00 बजे पूर्वाहन/अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित जिला क्रय समिति की बैठक में निविदा खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

निविदा से संबंधित शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं www. chatra. nic. in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
चतरा

PR 305080 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-13/2023–24
दिनांक–21.08.2023

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 23-08.2023 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 31.08.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31-08.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
(2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का विवरण :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200 x 150 mm dia & 200 mtr. depth HYDT, Drilled T/well (125x115 mm dia & 90 mtr. Deep), Installation of 1.50 HP submersible Motor pump set for different type of Quarters & Community hall in **Nagar Untari sub jail Garhwa** District Under DW&SD, Garhwa for the year 2023 | 13,75,686/- | 28,000/- | 2500/- | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.305165 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


# पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड को जड़ से मजबूत करना....**

और भी सरकारी नियुक्तियां की जाएंगी। झारखंड के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में पशु चिकित्सक, फॉरेंसिक लैब साइंटिस्ट इत्यादि की नियुक्तियां की गई हैं। हजारों की संख्या में और भी अलग-अलग क्षेत्रों में भी सरकारी नियुक्तियां हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समावेशी विकास के लिए सरकारी नौकरी की भूमिका के साथ-साथ स्वरोजगार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार ने ऐसे कानून भी बनाए हैं कि झारखंड में स्थापित उद्योग सेक्टर में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को ही नौकरी मिले यह सुनिश्चित किए जाए। हाल के दिनों में ही हमारी सरकार ने 10 हजार से ज्यादा स्थानीय युवक-युतियों को नामी-गिरामी औद्योगिक संस्थाओं में नियोजन हेतु ऑफर लेटर देने का काम किया है। राज्य में स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 100 करोड़ से अधिक की राशि ऋण स्वरूप लोगों के बीच वितरण की गई है, जिसका लाभ लेकर लोग स्वावलंबी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य में दो चरणों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम काफी सफल भी रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की भौगोलिक संरचना के अनुसार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना था। सोरेन ने कहा कि राज्य में बहुत ऐसे दुर्गम गांव हैं, जहां के लोग बीडीओ, सीओ, डीसी, एसपी को देखे तक नहीं हैं। हमने ऐसी चीजों को समझने का प्रयत्न किया। हमारी सरकार की सोच है कि आखिर ऐसे गांवों तक सरकार की योजनाओं को कैसे पहुंचाया जा सके। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने बंद कमरों में नहीं, बल्कि लोगों के घरों तक पहुंच कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कार्य योजना बनाने का काम किया है, जिससे वास्तविक तौर पर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपके द्वार के दोनों चरणों में लगभग 90 लाख से अधिक आवेदन मिले। राज्य सरकार द्वारा आम जनता से प्राप्त हुए आवेदनों का लगभग शत प्रतिशत समाधान किया गया है।

**झारखंड खून-पसीना से सींचा...**

महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई गई हैं। शिक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव लाते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरूआत की गई है। सीबीएसई पैटर्न की तर्ज पर उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षा दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ निजी विद्यालयों की तर्ज पर होनहार बच्चों को शिक्षा मिले इस निमित्त बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा से लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने हेतु कई योजनाओं को चलाकर प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। कोचिंग के लिए भी आर्थिक सहयोग बच्चों को हमारी सरकार दे रही है। आदिम जनजाति के बच्चे भी आगे चलकर बड़े पदाधिकारी बन सकें, इस निमित्त उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन वर्गों के बच्चों को निःशुल्क छात्रावास एवं कोचिंग की व्यवस्था की गई है। क्षेत्र में हमारी सरकार पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी जनकल्याण के कार्य होते रहेंगे।

**उत्तर कोयल मुख्य नहर में आई दरार...**

ग्रामीणों का कहना है कि लीकेज वाले स्थान पर घटिया ढलाई की गई थी। घटिया कार्य को लेकर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में मुख्य 'अभियंता समेत उच्चाधिकारियों को जांच कराने का आग्रह पत्र के माध्यम किया था। उन्होंने स्वयं नहर का निरीक्षण भी किया था। बाद में जलसंसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता के दल ने निर्माण कार्य की जांच कर मामले को रफा- दफा कर दिया। जांच के बाद निर्माण कंपनी ने कार्य के विरुद्ध बड़ी रकम निकाल ली। तब से आज तक जीर्णोद्धार कार्य बंद है। 15 अगस्त 2023 को पूर्व बिहार के औरंगाबाद, झारखंड के पलामू और चतरा सांसद ने भीम बराज मोहम्मदगंज का दौरा किया था। इस क्रम में उन्होंने नहर के जीर्णोद्धार कार्य स्थिति की समीक्षा की थी। निर्माण कंपनी वेबकॉस के अभियंताओं को बरसात के बाद कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया था। सांसद बीडी राम, सुशील सिंह और सुनील सिंह ने निर्माण कंपनी वेबकॉस को केसीपीए की जगह किसी दूसरी कंपनी से कार्य कराने का निर्देश दिया था, लेकिन वेबकॉस के अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया था कि वही कंपनी गुणवत्ता के साथ कार्य करेगी। कंपनी कितना बेहतर कार्य करेगी, यह उसके पूर्व के कार्यों से ही स्पष्ट हो जाता है। जिस जगह कंपनी ने नहर में ढलाई की है, उसी जगह दरार आ गई है।

**उग्रवादियों ने कांटा घर...**

गौरव सिंह और दिवाकर रजक घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के इलाके को सील कर छापेमारी की, लेकिन हथियारबंद लोगों का पता नहीं चल पाया। ग्रामीणों का कहना है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर दो बोलेरो लगी हुई थी, जिसमें नंबर नहीं था. संभवत उग्रवादियों का दस्ता उसी में सवार होकर आये थे और घटना को अंजाम देकर कुंदरी ग्राम के रास्ते भाग निकले।

## NEWS इन ब्रीफ

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 4-0 से हराया



**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को चार देशों के टूर्नामेंट-डसेलडोर्फ-2023 में इंग्लैंड को 4-0 से हरा दिया। भारत को राजिंदर सिंह (13'), आमिर अली (33'), अमनदीप लाकड़ा (41') और अरजीत सिंह हुंदल (58') के गोल की बदौलत जीत मिली। मैच की शुरूआत बेहद धीमी रही और दोनों टीमें शुरूआती गोल की तलाश में थी। भारत ने इंग्लैंड को रोकने के लिए शानदार डिफेंस का प्रदर्शन किया। राजिंदर सिंह (13') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। एक गोल से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रवैया अपनाया। लेकिन, विष्णुकांत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपना दबदबा जारी रखा और इंग्लैंड को गोल करने का एक भी मौका नहीं दिया। भारत हाफटाइम तक 1-0 से आगे रहा। दूसरे हाफ की शुरूआत में आमिर अली (33') ने भारत की बढ़त और बढ़ा दी। 2-0 की बढ़त के साथ भारत ने मैच पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया।

### तीनों प्रारुप में एक ही कप्तान होना चाहिये : इंजमाम



**कराची।** पीसीबी की चयन समिति के प्रमुख इंजमाम-उल-हक ने कप्तान बाबर आजम की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल में घरेलू सीरीज में आजम की कप्तानी की कड़ी आलोचना हुई थी पर इंजमाम ने उनका जमकर बचाव किया है। तीन साल पहले दिसंबर 2020 में बाबर को सभी प्रारूपों में पाकिस्तान का कप्तान बनाया किया गया था। उसके बाद से ही उनका खेल बेहतर होता गया है। इंजमाम-उल-हक ने कहा कि सभी प्रारूपों में एक ही कप्तान होना चाहिए जिससे पता चल सके कि मैचों के लिए किन खिलाड़ियों को रखना चाहिये। उन्होंने कहा, देखिए, कप्तानी में बहुत सारे बदलाव अच्छे नहीं हैं। मुझे लगता है कि बाबर शानदार कप्तानी कर रहे हैं और जब मैं पहले मुख्य चयनकर्ता था, तब सरफराज अहमद तीनों प्रारूपों के कप्तान नहीं थे पर बाद में वह तीनों प्रारूपों के कप्तान बन गए। इसलिए मेरा मानना है कि अगर वह तीनों प्रारुप में खेलता है तो तीनों प्रारुपों का एक ही कप्तान होना चाहिए।

### स्टीड को विलियम्सन के विश्वकप तक फिट होने का भरोसा



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि कप्तान केन विलियम्सन पांच अक्टूबर से होने वाले विश्वकप से पहले फिट हो जाएंगे। विलियम्सन के दाहिने घुटने की सर्जरी हुई है। इसी कारण वह इंग्लैंड दौरे के लिए भी टीम में नहीं हैं। कोच का मानना है कि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के तक उबर जाएंगे। स्टीड ने कहा, हम सही चिकित्सीय सलाह लेने के लिये अपनी क्षमता में सब कुछ करेंगे। हम उन्हें विश्वकप के लिए ले जाने से पहले पक्का करना चाहते हैं कि वह पूरी तरह फिट हों। अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। गौरतलब है कि विलियम्सन ने 31 मार्च को चोट लगने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। आईसीसी ने एकदिवसीय विश्व कप के लिये टीम घोषित करने के लिये अगले माह पांच सितंबर तक का समय दिया है।

# जोकोविच ने सिनसिनाटी में जीता तीसरा खिताब



**एजेंसी। मेसन**

नोवाक जोकोविच ने लगभग चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। जोकोविच ने यह मैच 5-7, 7-6 (7), 7-6 (4) से जीतकर अल्कराज से पिछले महीने विंबलडन फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता किया। यह मैच तीन घंटे 49 मिनट तक चला जो कि 1990 के बाद एटीपी टूर के इतिहास में सबसे लंबा तीन सेट वाला फाइनल था।

दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच के करियर का यह 95वां खिताब है और वह इवान लेंडल को पीछे छोड़ कर 1968 के बाद ओपन युग में सर्वाधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। सर्बिया के रहने वाले जोकोविच कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण पिछले दो वर्षों में अमेरिकी धरती पर अपना पहला टूनार्मेंट खेल रहे थे। उन्होंने पांचवें मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज करके छह वर्षों में सिनसिनाटी में अपना तीसरा खिताब जीता।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मैंने जितने भी टूर्नामेंट खेले उन सभी में यह सबसे अधिक रोमांचक मैचों में से एक था। मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं ग्रैंड स्लैम में खेल रहा हूं। यह सिनसिनाटी में खेला गया सबसे लंबी अवधि का मैच था। पिछला रिकॉर्ड 2010 में बना था जब रोजर फेडरर ने मार्डी फिश को दो घंटे 49 मिनट में हराया था। अल्कराज ने पिछले महीने विंबलडन के फाइनल में जोकोविच को पांच सेट में पराजित किया था।

# बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

**एजेंसी। कोपेनहेगन**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय सोमवार को यहां फिनलैंड के कोले कोलजोनेन पर सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गये। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय विश्व चैम्पियनशिप के पिछले दो सत्र में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने कोलजोनेन को सीधे गेम में 24-22, 21-10 से हराया। प्रणय की फिनलैंड की इस खिलाड़ी के



खिलाफ यह तीन मैचों में तीसरी जीत है। कोलजोनेन ने शुरूआती गेम में प्रणय को कड़ी टक्कर दी लेकिन इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम को एकतरफा अंदाज में जीतकर मैच अपने नाम किया। पहले गेम में कोलजोनेन ने प्रणय पर 8-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरूआत की। प्रणय ने इसके बाद वापसी करते हुए ब्रेक के समय तीन अंक (11-8) की बढ़त कायम कर ली। ब्रेक के बाद भी दोनों खिलाड़ी के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला जहां कोई भी खिलाड़ी दूसरे को आसानी से अंक बनाने का मौका नहीं दे रहा था।

## एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम घोषित

# श्रेयस अय्यर-राहुल की वापसी, चहल बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को पाकिस्तान और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। टीम में चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की वापसी हुई है, जबकि संजू सैमसन को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। युजवेंद्र चहल को टीम में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा के ऊपर होगी, जबकि स्पिन विभाग का जिम्मा कुलदीप यादव के ऊपर होगी। हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर पर होगा।



### एशिया कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

**रोहित शर्मा (कप्तान)**, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

### तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने पर बोले अगरकर

**मुख्य** चयनकर्ता अजीत अगरकर ने सोमवार को कहा कि बल्लेबाज तिलक वर्मा एक आशाजनक प्रतिभा हैं और भारत की एशिया कप टीम में शामिल होने से उन्हें काफी अनुभव मिलेगा। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और चयनकर्ता अगरकर ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एशिया कप 2023 टीम की घोषणा की। तिलक वर्मा को टीम में शामिल करने पर अगरकर ने कहा, 'तिलक वर्मा आशाजनक हैं। एशिया कप उनके लिए एक बड़ा अवसर है। हमने कुछ वास्तविक देखा है।' उन्होंने कहा, 'वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान न केवल प्रदर्शन के मामले में बल्कि स्वभाव के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन। इससे उन्हें एक्सपोजर मिलेगा। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज भी हैं।' श्रृंखला में तिलक ने मैदान पर अपने धैर्य और परिपक्वता से प्रशंसकों को प्रभावित किया और अपने विकेट पर एक बड़ा इनाम रखा। पांच मैचों में उन्होंने 57.66 की औसत से 173 रन बनाए जिसमें एक अर्धशतक और लगभग 139 की स्ट्राइक रेट थी। एशिया कप में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की भूमिका पर कप्तान रोहित ने कहा कि उनकी वही भूमिका बनी रहेगी। उन्होंने कहा, 'उसने वर्षों से ऐसा किया है। उसकी भूमिका एक ही रहेगी, ओवर फेंकना, जिस तरह से वह बल्लेबाजी करता है उसी तरह बल्लेबाजी करना और क्षेत्ररक्षण करना। इसमें कुछ भी अलग नहीं है जो हम चाहते हैं कि वह करे।

# विश्वकप: टिकटों का इंतजार कर रहे प्रशंसक हुए निराश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक दिवसीय विश्वकप के लिए अब तक टिकटों की बिक्री नहीं शुरू होने से क्रिकेट प्रशंसक निराश हैं। विश्वकप के लिए टिकटों की ब्रिकी 25 अगस्त से होनी है पर प्रशंसकों का कहना है कि पांच अक्टूबर के मुकाबले के लिए अब तक टिकट मिलने शुरू हो जाने थे। विश्वकप में टिकट ब्रिकी में हो रही देरी का कारण विश्वकप कार्यक्रम में बदलाव को भी माना जा रहा है। ऐसे में प्रशंसक बेताबी से टिकट बिक्री शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। हाल में मेजबान बीसीसीआई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नौ मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया थी। वहीं अब हैदराबाद क्रिकेट संघ ने कार्यक्रम में बदलाव की मांग की है। अगर ऐसा हुआ तो टिकट ब्रिकी में और देर होगी। इससे पहले साल 2011 में हुए विश्वकप के लिए टिकटों की बिक्री जून 2010 में शुरू हो गयी थी। इससे प्रशंसकों को मैचों के लिए अपनी योजना बनाने में समय मिल गया था। वहीं इंग्लैंड में 2019 में आयोजित पिछले एक दिवसीय विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा 12 महीने से अधिक पहले हो गई थी और प्रशंसकों को टिकटों को खरीदने के लिए पर्याप्त समय मिल गया था। भारत-पाकिस्तान मैच के लिए भी प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं और पहले ही ही टिकट बुक करना चाहते हैं। भारत पाक मैच के लिए टिकट की ब्रिकी पांच सितबंर से शुरू होगी। वहीं पहले भारत और पाकिस्तान का मैच 15 अक्टूबर को खेला जाना था पर अब एक दिन पहले खेला जाएगा।

# स्पेन बना महिला विश्व कप फुटबाल का नया चैंपियन




**एजेंसी। सिडनी**

फीफा महिला विश्व कप ट्रॉफी पर एक नया नाम दर्ज हो गया। स्पेन की टीम ने रविवार को इंग्लैंड को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। इस प्रकार स्पेन की टीम यह खिताब हासिल करने वाली पांचवीं टीम बन गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ओल्गा कामोर्ना ने मैच के 29वें मिनट में किए गए गोल से यह सुनिश्चित कर दिया कि जर्मनी के बाद पुरुष और महिला दोनों विश्व कप खिताब जीतने वाला स्पेन दूसरा देश बने। 2010 में स्पेन की पुरुषों की टीम ने खिताब जीता था। स्पेन की एताना बोनमती और सलमा पारलुएलो ने क्रमशः गोल्डन बॉल और सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इंग्लैंड की मैरी इयरप्स को गोल्डन ग्लव पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि गोल्डन बूट जापान की हिनाता मियाजावा को दिया गया, जिन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल किए। सेमीफाइनल में इंग्लैंड की टीम ने सह-मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि स्पेन ने कड़ी टक्कर के स्वीडन को 2-1 से हराया था। स्पेन की टीम एलेक्सिया पुटेलस की जगह पारलुएलो को शामिल करते हुए खचाखच भरे स्टेडियम में 4-3-3 के फॉर्मेशन के साथ उतरी, जबकि इंग्लैंड ने लॉरेन जेम्स के निलंबन के बाद फिर से उपलब्ध होने के बावजूद अपनी शुरूआती लाइन-अप को अपरिवर्तित रखा। दोनों पक्षों की सबसे हालिया भिड़ंत यूईएफए महिला यूरो 2022 क्वार्टर फाइनल में थी, जहां इंग्लैंड ने अतिरिक्त समय में स्पेन पर 2-1 से जीत हासिल की थी।

एक समान शुरूआत में दोनों पक्षों ने लगातार मौके बनाए। लॉरेन हेम्प 16वें मिनट में इंग्लैंड को आगे करने के करीब थीं, लेकिन उनके बाएं पैर से किया गया हमला बार पर जा टकराया। स्पेन ने एक मिनट बाद जवाबी हमला किया। पारलुएलो कामोर्ना का प्रयास अंत तक पहुंचने में विफल रहा। ला रोजा 29वें मिनट में आगे हो गईं, जब उन्होंने मिडफील्ड में गेंट पर कब्जा हासिल कर लिया। टेरेसा एबेलेइरा गेंद को बाईं ओर ले गईं और मैरियोना कैल्डेंटे ने इसे कामोर्ना के लिए रखा, जिसने पहली बार गेंद पर रॉकेट की तरह प्रहार किया, जो इग्लैंड की गोलकीपर इयरप्स को छकाकर आगे निकल गया और स्पेन की टीम 1-0 से आगे हो गई।

मध्यांतर के तुरंत बाद स्पेन के पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का मौका था, लेकिन पारलुएलो के प्रयास विफल रहा। ब्रेक के बाद स्पेन ने कई मौके बनाए। कैल्डेंटी ने ईयरप्स को एक हाथ से बचाने के लिए मजबूर किया, जबकि बोनमती ने बार पर प्रहार किया। 64वें मिनट में, गेंद केइरा वॉल्श के हाथ में लगी और रेफरी ने लंबी वीएआर जांच के बाद पेनाल्टी दे दी, लेकिन इयरप्स ने जेनिफर हमोसो के प्रयास को विफल कर दिया।

### इंस्टीट्यूशनल लीग के लिए एआईएफएफ को मिला बेहतरीन रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली।** कुछ फेमश इंस्टीट्यूशनल टीमें, जिन्होंने एक समय भारतीय घरेलू फुटबॉल परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाया था और शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों की एक श्रृंखला तैयार की थी। उन्होंने एआईएफएफ इंस्टीट्यूशनल लीग में खेलने के लिए अपनी रुचि व्यक्त की है, जो जल्द ही शुरू होगी। इंस्टीट्यूशनल टीमों में वो बड़े नाम हैं, जिन्हें एक बार फिर मैदान पर देखा जा सकता है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), इंडियन नेवी, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), ईएसआईसी, चेन्नई कस्टम, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, दिल्ली और अन्य शामिल हैं। बीएसएफ एक समय मजबूत टीम थी, जिसने अपने सुनहरे दिनों में सात बार डूरंड कप जीता। मंजीत सिंह, नरेंद्र गुरुंग और कई अन्य खिलाड़ियों को सामने लाया। एफसीआई भी उतनी ही मजबूत थी, जिसकी लाइन-अप अतनु भट्टाचार्य, कृषाणु डे, विकास पंजी, विक्टर अमलराज, बाबू मणि और कई अन्य खिलाड़ियों से भरी हुई थी। 14 अप्रैल, 2023 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति व्यापक चर्चा के बाद फुटबॉल में शौकिया संरचना को समान महत्व देने के निर्णय पर पहुंची थी।

# बल्लेबाजी क्रम के किसी एक स्थान से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता : गांगुली

**एजेंसी। मुंबई**

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि भारत के पास अपनी वनडे टीम में चौथे स्थान के बल्लेबाज लिए बहुत सारे विकल्प हैं और सिर्फ एक स्थान पर ध्यान देकर विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट नहीं जीते जा सकते। गांगुली ने कहा कि टीम प्रबंधन को एक खिलाड़ी को तय कर उसे चौथे स्थान पर लंबे समय तक मौका देना चाहिए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष गांगुली ने कहा, भारत में अपार प्रतिभा है। मैं इस तरह की शिकायतें सुनता रहता हूं कि हमारे पास यह नहीं है, वह नहीं है, लेकिन हमारे पास बहुत कुछ है और समस्या यह है कि हम निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।' उन्होंने कहा, बल्लेबाजी में चौथे क्रम को लेकर राहुल (द्रविड़), चयनकर्ताओं और रोहित (शर्मा) को किसी एक खिलाड़ी को तय कर उसे लगातार मैचों में मौका देना चाहिए।' गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, चौथा क्रम सिर्फ एक नंबर है और इसमें कोई भी फिट हो सकता है। मैंने एक दिवसीय क्रिकेट में मध्य क्रम में शुरूआत की और फिर पारी का आगाज करने लगा क्योंकि मुझे



तत्कालीन कप्तान सचिन (तेंदुलकर) ने ऐसा कहा था। सचिन के साथ भी ऐसा ही हुआ था।' गांगुली ने कहा, तेंदुलकर ने करियर की शुरूआत में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। जब उनके कप्तान ने उन्हें पारी का आगाज करने के लिए कहा तो वह एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी बन गए। नंबर चार पर कोई भी खेल सकता है। वहां विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे खिलाड़ी हैं।' वेस्टइंडीज के हालिया दौरे पर टी 20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में प्रभावित करने वाले प्रतिभाशाली वामहस्त बल्लेबाज तिलक वर्मा को सोमवार को एशिया कप 2023 के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। उन्होंने पहली बार वनडे टीम में जगह बनायी है। गांगुली ने उम्मीद जताई कि यह युवा बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाकर मौके का फायदा उठाएगा। गांगुली ने कहा, वह अच्छा बल्लेबाज है लेकिन मुझे लगता है कि जब आप बड़े टूर्नामेंट खेलते हैं तो आपको कुछ अनुभव की जरूरत होती है।'

गांगुली ने कहा कि आने वाले टूर्नामेंटों में कलाई के स्पिनर भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस पूर्व कप्तान ने कहा, हमारे पास बहुत अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है-(जसप्रीत) बुमराह, (मोहम्मद) सिराज, (मोहम्मद) शमी। (रविंद्र) जडेजा हरफनमौला की भूमिका निभाएंगे और फिर आपके पास कलाई के स्पिनर के भी विकल्प हैं।' उन्होंने कहा, मैं हमेशा (युजवेंद्र) चहल का टीम में चयन करूंगा, मैं कलाई के स्पिनरों को पसंद करूंगा। मुझे नहीं पता कि चयनकर्ता क्या सोचते हैं लेकिन मैं हमेशा कलाई के स्पिनरों का चयन करुंगा।' चहल को हालांकि भारत की एशिया कप टीम में नहीं चुना गया है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को श्रीलंका जाने वाली टीम में जगह मिली है। गांगुली ने उम्मीद जतायी की भारतीय टीम एशिया कप और फिर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन कर खिताब जीतेगी।

## टूर्नामेंट हरमनप्रीत ने ढाका की घटना पर दिया बयान, बोली

# मैदान पर जो कुछ भी हुआ इसका मुझे पछतावा नहीं

**एजेंसी। लंदन**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को कहा कि पिछले महीने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान उन्हें अपना आपा खोने पर कोई पछतावा नहीं है। हरमनप्रीत पर इस कारण दो मैचों का प्रतिबंध लगा था।

ढाका में अंपायर के उन्हें आउट देने के बाद उन्होंने स्टंप पर बल्ला मार दिया था। बाद में मैच के बाद भी उन्होंने द्विपक्षीय शृंखला के दौरान हुई अंपायरिंग को खराब बताया था। इस प्रतिबंध के कारण हरमनप्रीत भारत के सितंबर-अक्टूबर में हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगी।

हरमनप्रीत ने महिलाओं के 'द हंड्रेड' के दौरान 'द क्रिकेट पेपर' से कहा , 'मैं ऐसा नहीं कहूंगी कि



मुझे किसी चीज का पछतावा है क्योंकि बतौर खिलाड़ी आप देखना चाहते हो कि ठीक चीजें हो रही हैं। बतौर खिलाड़ी आपके पास हमेशा खुद को अभिव्यक्त करने और आप क्या महसूस कर रहे हो, उसे बताने का अधिकार होता है।' हरमनप्रीत टूर्नामेंट में ट्रेंट रॉकेट्स के लिए खेल रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी खिलाड़ी या किसी व्यक्ति से कुछ भी गलत कहा। मैदान पर जो हुआ मैंने सिर्फ उसके बारे में बताया। मुझे किसी चीज का पछतावा नहीं है।' प्रतिबंध के अलावा हरमनप्रीत के खाते में तीन डिमैरिट अंक भी जोड़ दिए गए क्योंकि उन्होंने अंपायर के फैसले पर असहमति दशार्यी थी। मैच अधिकारियों की सार्वजनिक आलोचना के लिए भी एक डिमैरिट अंक जुड़ा था।

